# ACB Newsletter

Vol. 10, Issue 1, Jan- March 2023

## Inside this Issue

- Independence Day Celebrations
- Youth Day Celebrations
- Lohri Celebrations
- Science Day Celebrations
- Activities At a Glance
- Guest Lecture at a Spree
- Conferences/Seminars/ Workshops/FDPs
- Sports Achievements

## From the Desk of Editor-in-Chief

Warm greetings to all the readers from the Editorial Board. The first quarter of the year 2023 was full of myriad activities in academics, co-curricular as well as research and Development area. This issue brings to its readers all the activities and events like Independence Day, Youth Day, Lohri and National Science Day Celebrations. The team hopes that this newsletter gives its readers a new experience.

-Editor-in-Chief



Students on Educational Tour with staff members



Students Felicitated by the faculty members

## Pick of the Issue



Hon'ble Sh. Devender Kumar Gupta, President Aggarwal College Ballabgarh and Chairman, Aggarwal Vidhya Pracharni Sabha Ballabgarh Address the students on Sports day



NCC Students on Independence Day



अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अंतर्विभागीय नृत्य प्रतिभा खोज टैलेंट हंट द्वितीय चरण का आयोजन किया गया।

# INDEPENDENCE DAY CELEBRATIONS

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हुआ गणतंत्र दिवस का आयोजन

गणतंत्र दिवस की 73 वीं वर्षगांठ व 74वें गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुबेश




पाण्डे जी ने महाविद्यालय में स्थित महाविद्यालय के पूर्व छात्र शहीद जय भगवान के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को याद किया। तदोपरांत मुख्य अतिथि महोदय ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में प्राचार्य जी ने बताया कि आजादी प्राप्त करने में सेनाओं के साथ–साथ कवियों, राजनेताओं व रचनाकारों का भी समान योगदान रहा।
हमारा राष्ट्रीय पर्व मनाने के पीछे जो उद्देश्य है वह आजादी के लिए कुर्बान रणबांकुरौं को याद करने का है। प्राचार्य महोदय ने कहा कि हर व्यक्ति सीमा पर लड़ने तो नहीं जा सकता लेकिन अपने




कार्यस्थल पर ही निष्ठापूर्वक कार्य करके राष्ट्र निर्माण व विश्वकल्याण में अपना योगदान प्रदान कर सकता है स प्राचार्य जी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें भी उन रणबांकुरे की कुर्बानी को हृदय में रखते हुए उनके दिए गए विचारों का अनुशरण करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। इस दौरान पूरा महाविद्यालय प्रांगन देशभक्ति के गीतों से गूंजता रहा।
इस अवसर पर एन.सी.सी की ऑफिसर डॉ.पूजा सैनी तथा एन सी सी के लगभग 40 कैडेट, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह और श्री मोहित हुड्डा, उप–अधीक्षक श्री मनमोहन सिंगला, लिपिक महेंद्र कुमार व अन्य गैर शिक्षक सदस्य मौजूद रहे।

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया।

स्व–वित्तीय संस्थान के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। गीत–संगीत एवं नृत्य से भरपूर इस रंगारंग कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों के अतिरिक्त शिक्षणेत्तर विभाग ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया। सांस्कृतिक कमेटी की संयोजिका डॉ. शिल्पा गोयल ने सभी का अभिवादन करते हुए लोहड़ी की शुभकामनाएं दी और प्रभारी महोदय को आमंत्रित किया। स्व–वित्तिय संस्थान प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने भी सभी को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह पर्व बदलते मौसम के साथ– साथ सौहार्द्रता और समन्वय का प्रतीक है।हमे बदलते मौसम में स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना है।इसके साथ–साथ सभी विभागों के विभागाध्यक्ष श्रीमती उषा चौधरी,डॉ. रेनू माहेश्वरी, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. सचिन गर्ग एवं एन. एस.एस प्रमुख डॉ. सीमा मलिक सभी ने मिलकर लोहड़ी जलाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
कार्यक्रम की शुरुआत कोपल,खुशबू और रितिका द्वारा गाये गए पंजाबी गीत से हुआ।ततपश्चात सोनिया एवं शिल्पी द्वारा पंजाबी नृत्य प्रस्तुति हुई।
इस रंग भरे कार्यक्रम मे ढोल की थापों पर पूरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्रवक्ताओं ने आनंद लिया। समन्वयक के रूप में शिल्पी गोयल, (कंप्यूटर विभाग),श्रीमती दीपमाला (प्रबंध विभाग)श्रीमती मधु सिंगला (हिंदी विभाग), सुरभि जैन (अर्थशास्त्र विभाग) एवं शिल्पी गुप्ता (वाणिज्य विभाग)सभी के सार्थक प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल रहा।



# National Youth Day Celebrations

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में जनवरी 2023 से महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है द्य इस कार्यक्रम के अंतर्गत 12 जनवरी 2023 को एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बादशाह खान अस्पताल से आए डॉ. महेंद्र साहनी (रिटायर्ड कर्नल, थल सेना) और काउंसलर सुश्री संगीता वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने महाविद्यालय सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के कारणों, भ्रांतियों व रोकथाम के तरीकों से अवगत कराया द्य इसके साथ-साथ स्वयंसेवकों द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता को लेकर रैली का भी आयोजन किया गया द्य इस पखवाड़े के अंतर्गत एचआईवी एड्स जागरूकता विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे नेल आर्ट, पोट पेंटिंग और मास्क मेकिंग भी कराई गई जिसमें 47 प्रतिभागियों ने भाग लियाद्य निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. रामचंद्र लाइब्रेरियन, सुभाष कैलोरिया, यूथ रेडक्रॉस काउंसलर तथा डॉ. सुप्रिया ढांडा, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी ने अहम भूमिका निभाई। नेल आर्ट में छमा एमएससी मैथ्स फाइनल ने प्रथम, खुशी बीएससी मैथ्स ऑनर्स सेकंड ईयर ने दूसरा, ईशा बीकॉम फर्स्ट ईयर ने तीसरा तथा अख्तरी व मुस्कान बीकॉम फर्स्ट ईयर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। मास्क मेकिंग प्रतियोगिता में काशिश बीकॉम फर्स्ट ईयर ने प्रथम, नेहा बीकॉम फर्स्ट ईयर ने दूसरा, दिया बीसीए फर्स्ट ईयर ने तीसरा तथा हरवती बीकॉम फर्स्ट ईयर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पोट पेंटिंग प्रतियोगिता में स्वाति एमएससी मैथ्स फाइनल ने प्रथम, साक्षी बीकॉम फर्स्ट ईयर ने दूसरा, ईशा गोयल बीकॉम ऑनर्स सेकंड ईयर ने तीसरा तथा मानसी बीएससी मैथ्स ऑनर्स फाइनल व भूमिका बीकॉम ऑनर्स सेकंड ईयर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह (संयोजक, यूथ रेड क्रॉस) की देखरेख में श्रीमती नेहा गोयल (समन्वयक, रेड रिबन क्लब) तथा श्रीमती पूजा (समन्वयक, यूथ रेड क्रॉस) द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने आयोजक मंडल व विजेताओं को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time

Experience the change!

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय युवा दिवस पर क्विज का आयोजन

हरियाणा ncr

## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय युवा दिवस पर क्विज का आयोजन

By Jantantratoday January 13, 2023 15 0

# SCIENCE DAY CELEBRATIONS

A team of Aggarwal College, Ballabgarh has been participated in a National Science Day competition organized at D. A. V. Centenary College, Faridabad on 01.03.2023. Three students, Deepak, Sudeshna and Yash Verma of class B.Sc. have participated in Quiz competition. A total of 8 teams have been participated and our team won the first position in that competition. The students have been awarded by trophy and certificates.Dr. Krishan Kant Gupta, Principal of Aggarwal College, Ballabgarh has congratulated the students and appreciated their hard work. Principal also applauded the victory of whole team.The students are motivated by Dr. Sanjeev Gupta and Mr. Ravinder Jain.

## अग्रवाल कॉलेज की टीम ने जीती ट्रॉफी



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लबगढ़। बुधवार को डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ की एक टीम ने भाग लिया। बीएससी कक्षा के तीन छात्र दीपक, सुदेशना और यश वर्मा ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया है। कुल 8 टीमों ने भाग लिया और उस प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी है और उनकी मेहनत की सराहना की है। प्राचार्य ने भी पूरी टीम की जीत की सराहना की। सभी छात्र अध्यापक डॉ. संजीव गुप्ता और श्री रविंदर जैन से प्रेरित है।

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक

नेशनल प्रहरी NEWS

•Newspaper •Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद - एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल कॉलेज की टीम ने जीती ट्रॉफी

ताजा बल्लभगढ़ शिक्षा

## अग्रवाल कॉलेज की टीम ने जीती ट्रॉफी

By Poonam Sagar - March 2, 2023 2 0

# ACTIVITIES AT A GLANCE

## जनतंत्र टुडे

HOME | इंडस्ट्री | हरियाणा-NCR | पॉलिटिक्स | स्पोर्ट्स | देश-प्रदेश | एंटरटेनमेंट | क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने वीएलसीसी फरीदाबाद के सहयोग से "सौंदर्य और कल्याण...

हरियाणा ncr

### अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने वीएलसीसी फरीदाबाद के सहयोग से "सौंदर्य और कल्याण उद्योग में उद्यमिता अवसर" पर एक सेमिनार का आयोजन किया

By Jantantratoday January 25, 2023 | 4 | 0




### अग्रवाल कॉलेज में सेमिनार का आयोजन किया



बल्लभगढ़, 25 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने वीएलसीसी फरीदाबाद के सहयोग से "सौंदर्य और कल्याण उद्योग में उद्यमिता अवसर" पर एक सेमिनार का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के गतिशील नेतृत्व में महाविद्यालय इस तरह के जागरूकता सत्र आयोजित करता रहता है। यह संगोष्ठी प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में बीबीए और बीबीए CAM के छात्रों के लिए विंग III के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित की गई थी। विभाग की डीन डॉ. शिल्पा गोयल ने स्वागत भाषण दिया और विक्रम धवन और उनकी टीम को पौधे भेंट किए। विक्रम धवन, केंद्र प्रमुख, वीएलसीसी फरीदाबाद ने अपने कर्मचारियों के साथ छात्रों को सौंदर्य और कल्याण उद्योग में उपलब्ध विभिन्न अवसरों और इस क्षेत्र में छात्रों के बीच उद्यमशीलता कौशल विकसित करने के तरीके के बारे में संबोधित किया। उन्होंने मेकअप आर्ट, हेयर टेक्नोलॉजी, कॉस्मेटोलॉजी, नेल आर्ट, डायटेटिक्स, हेल्थ एंड न्यूट्रिशन आदि जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। दिन के वक्ता विक्रम धवन ने व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व और कैसे रूप और व्यक्तित्व को बनाए रखकर आत्मविश्वास को बढ़ाया जा सकता है, के बारे में बताया। उन्होंने फ्रीलांसिंग और एंटरप्रेन्योरशिप पर भी ध्यान केंद्रित किया। सत्र प्रश्नोत्तर दौर के साथ समाप्त हुआ जहां छात्रों ने अपने प्रश्न पूछे और इन पाठ्यक्रमों में अपनी रुचि दिखाई। अंत में वीएलसीसी की टीम ने सभी छात्रों और फैकल्टी को फ्री हेयर कट कूपन बांटे। सेमिनार में करीब 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सत्र अत्यधिक संवादात्मक था और सुश्री दीपमाला द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ। सुश्री शिल्पी गुप्ता, सुश्री प्रियम गुप्ता, सुश्री उपासना गेरा और श्री प्रसून सहित प्रबंधन विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने सेमिनार में भाग लिया।

### करियर परामर्श व्याख्यान का किया गया आयोजन



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ स्ववित्तीय संस्थान में अर्थशास्त्र एवं हिंदी विभाग द्वारा एक करियर गाइडेन्स के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी श्रृंखला में यह व्याख्यान आयोजित हुआ।

स्व-वित्तिय संस्थान के प्रभारी डॉ० संजीव गुप्ता के संरक्षण में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में श्री धर्मवीर सिंह (सहायक प्रवक्ता डी.ए.वी. महाविद्यालय) उपस्थित रहे। मंच संचालन श्रीमती मधु सिंगला एवं सुरभि ने किया। श्रीमती उषा चौधरी एवं श्रीमती त्रिमेश कालरा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन करते हुए उन्हें आमंत्रित किया। मुख्य अतिथि ने अर्थशास्त्र एवं हिंदी में रोजगार के अवसरों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने नेटकी परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ अन्य क्षत्रों मे भी रोजगार के अवसरों एवं सरकारी प्रतियोगिताओं सम्बन्धी चर्चा करी।

इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं उससे संबंधित शुल्क की जानकारी भी दी। इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष श्रीमती उषा चौधरी द्वारा किया गया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ० रेणु माहेश्वरी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।



**04 आज समाज**
नई दिल्ली, रविवार, 22 जनवरी 2023

**खबर एक्सप्रेस**

### करियर परामर्श व्याख्यान का आयोजन

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ स्ववित्तीय संस्थान में अर्थशास्त्र एवं हिंदी विभाग द्वारा एक करियर गाइडेन्स के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता की सदप्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी श्रंखला में यह व्याख्यान आयोजित हुआ। स्व-वित्तिय संस्थान के प्रभारी डॉ संजीव गुप्ता के संरक्षण में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में धर्मवीर सिंह (सहायक प्रवक्ता डीएवी महाविद्यालय) उपस्थित रहे। मंच संचालन मधु सिंगला एवं सुरभि ने किया। उषा चौधरी एवं त्रिमेश कालरा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन करते हुए उन्हें आमंत्रित किया। मुख्य अतिथि ने अर्थशास्त्र एवं हिंदी में रोजगार के अवसरों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने नेट की परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ अन्य क्षत्रों मे भी रोजगार के अवसरों एवं सरकारी प्रतियोगिताओं सम्बन्धी चर्चा करी। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं उससे संबंधित शुल्क की जानकारी भी दी। इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष उषा चौधरी द्वारा किया गया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. रेणु माहेश्वरी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।

जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time
Experience the change!

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

By Shreyash Panchal January 21, 2023 2 0



पायनियर

## निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में अंग्रेजी भाषा क्लब और यंग वीमेन रायटर्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शीर्षक मेरा पसंदीदा लेखक/पुस्तक और लिखित संचार: अभिव्यक्ति का एक रचनात्मक तरीका थे। इस प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाविद्यालय में समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित कराने का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कला को उजागर करना है। प्रतियोगिता में प्रीती चौधरी एमए इंग्लिश द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, निधि कुमारी बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा योगिता बीए तृतीय वर्ष व सुदेशना कुमारी बीएससी द्वितीय वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंग्रेजी विभागाध्यक्षा और यंग वीमेन रायटर्स क्लब की संयोजिका मैडम कमल टंडन ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। अंग्रेजी भाषा क्लब की संयोजिका डॉ. गीता ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता हेतु उत्साहित किया साथ ही लेखन कला के महत्व को बताया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. सारिका कंजलिया, डॉ. इनायत चौधरी, डॉ. रेखा सैन, डॉ. पूजा सैनी, सुभाष कैलोरिया, विजया रानी व शैली अंग्रेजी भाषा क्लब व यंग राइटर क्लब के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## Slogan writing and Poster making activity by Legal Literacy Cell

An activity of slogan writing and poster making by the Legal Literacy Cell of Aggarwal College, Ballabhgarh Wing-III was organized under the supervision of Incharge Wing-III Dr. Sanjeev Gupta and Mrs. Anita. More than 15 students registered their participation in the poster making competition of Legal Literacy Cell. It was successfully organized under the supervision of Mrs. Anita. First place in this competition Sonika class B.B.A. Third Year Second Position Chanchal B.B.A. 3rd year 3rd position Defense B.Com. 3rd year position



आज समाज

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 29 जनवरी 2023
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

## पोषण पर संगोष्ठी का किया आयोजन

**बल्लभगढ़।** प्रबंधन विभाग द्वारा अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने वीएलसीसी फरीदाबाद के सहयोग से नियमित चल रही विभागीय आउटरीच गतिविधियों के एक भाग के रूप में, चौ. सीएल चंदेला सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 8-12 वीं कक्षा के छात्रों के लिए परीक्षा के दौरान पोषण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता एवं प्रभारी विंग-तृतीय डॉ. संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय इस प्रकार के आयोजन करता रहता है।

डॉ. संजीव विभिन्न विभागों के शिक्षकों को बढ़ते युवाओं के सर्वोत्तम हित में आसपास के स्कूलों में इस प्रकार की गतिविधियों को आयोजित करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस अवसर पर प्रवीण, प्राचार्य चौ. सीएल चंदेला सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद भी उपस्थित है। विक्रम धवन, केंद्र प्रमुख, वीएलसीसी फरीदाबाद ने छात्रों को संबोधित किया कि कैसे पोषण छात्रों के सोचने के कौशल, व्यवहार और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले सभी कार कों पर चर्चा की। विक्रम धवन ने समझाया कि उच्चट्रांस और संतृप्त वसा वाले आहार सीखने और स्मृति को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं, जीवन की शुरूआत में पोषण संबंधी कमियां स्कूल-आयु वर्ग के बच्चों के संज्ञानात्मक विकास को प्रभावित कर सकती हैं, और पोषण तक पहुंच से छात्रों की अनुभूति,एकाग्रता और ऊर्जा के स्तर में सुधार होता है। सत्र का समापन सवाल-जवाब के दौर के साथ हुआ, जहां छात्रों ने अपने प्रश्न पूछे। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग की सहायक प्राध्यापक दीपमाला ने किया।

कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ भाग लिया। प्रबंधन विभाग की डीन एवं एचओडी डॉ. शिल्पा गोयल के निर्देशन में यह कार्यक्रम काफी सफल रहा।



जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time
Experience the change!

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग के तत्वाधान में एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर ऑनलाइन...

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग के तत्वाधान में एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

By Jantantratoday January 18, 2023 4 0

## अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग के तत्वाधान में एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** बुधवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में गणित विभाग के तत्वाधान में एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई द्य इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता की भूमिका श्री अरविंद कुमार जी सी.ई.ओ., आर.आर टेक सॉल्यूशंस) ने निभाई द्य कार्यक्रम संयोजक एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ. के.एल. कौशिक जी ने बताया कि कार्यशाला को आयोजित करने के पीछे उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यापार करने से पहले पूरी जानकारी व ज्ञान प्रदान करना है द्य श्री अरविंद कुमार जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यवसाय में सफल होने के लिए खुद पर विश्वास होना बेहद जरूरी है, उन्होंने व्यवसाय में लीडरशिप डेवलपमेंट, कस्टमर वैल्यू एवं मजबूत टीम जैसी विशेषताओं पर प्रकाश डाला द्य कार्यशाला में 72 प्रतिभागियों ने हिस्सा लियाद्य इस कार्यशाला में आयोजन सचिव श्रीमती प्रिया अरोड़ा, डॉ. ममता ठाकुर तथा समन्वयक की भूमिका श्रीमती नेहा गोयल एवं दीपांजलि ने निभाई द्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा जीवन मेंव्यापार के क्षेत्र में जोखिम उठाकर बिजनेस करने के गुण सीखे द्य इस कार्यशाला में गणित विभाग के प्रवक्तागण डॉ. नरेश कमरा, डॉ. गीता त्रिपाठी, श्रीमती रेनू बाला, पूनम गुप्ता, खुशाली त्यागी, पूजा कंचन ने अपनी सफल प्रतिभागिता दिखाई द्य कार्यशाला में मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को असाइनमेंट दिया तथा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।




जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा को मिला ज़िला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में...

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा को मिला ज़िला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान

By Shreyash Panchal January 31, 2023 2 0

## अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा को मिला जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** इस बार पूरे देश ने 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसी अवसर के उपलक्ष्य में व मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास में जिला निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा आँचल तंवर (एम. ए हिन्दी फाइनल) को जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने विजेता छात्रा को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य जी ने सभी को इसी प्रकार प्रेरित होकर देश की सेवा व देश में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संबोधन दिया। आँचल को यह पुरस्कार जिला उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी माननीय विक्रम सिंह द्वारा मिला। साथ ही छात्रा को 700 रू/- की नगद राशि भी पुरस्कार के रूप में मिली। इस अवसर पर डा. जयपाल, मनमोहन सिंगला, उदिता कुण्डू आदि सभी शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दी।

जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time
Experience the change!

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा नारा लेखन...

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन

By Shreyash Panchal January 12, 2023 7 0




फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

## Organization of slogan writing and poster making activity by NSS volunteers on National Youth Day in Aggarwal College

DEEPTI ARORA
info@impressivetimes.com

**BALLABGARH:** Swami Vivekananda Jayanti was celebrated as National Youth Day by Aggarwal College Ballabhgarh today on 12-01-2023 under the direction of Principal Dr. Krishna Kant Gupta, on the occasion of which slogan writing and poster making competition was organized. Incharge Dr. Sanjeev Gupta and NSS Program Dr. Seema Malik were also present on the occasion. "Until you believe in yourself", "Until you believe in God...", "Arise, awake and stop not till the goal is achieved." "The greatest is religion To be true to your nature.", "Believe in yourself, to think yourself weak is the greatest sin." More than 15 volunteers organized a poster making competition depicting National Youth Day and the life of Swami Vivekananda with slogans like These activities were successfully organized in NSS Unit III under the supervision of Dr. Seema Malik, NSS Program Officer. More than 30 NSS volunteers and sevikas took an active part in it. Mainly Narendra Singh, Lakshmi, Himika, Chanchal, Shruti and Sonia played special roles.



**"UNTIL YOU BELIEVE IN GOD...", "ARISE, AWAKE AND STOP NOT TILL THE GOAL IS ACHIEVED." "THE GREATEST IS RELIGION TO BE TRUE TO YOUR NATURE.", "BELIEVE IN YOURSELF, TO THINK YOURSELF WEAK IS THE GREATEST SIN."**

जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time
Experience the change!

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › सड़क सुरक्षा सप्ताह के चलते एनएसएस यूनिट 2 के तत्वाधान में एक...

हरियाणा ncr

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के चलते एनएसएस यूनिट 2 के तत्वाधान में एक रैली का आयोजन किया गया

By Shreyash Panchal January 17, 2023 8 0




फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

2 फरीदाबाद एचएसवीपी की लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है टाउन पार्क
6 अभिमत गुणवत्तापूर्ण श्रमशक्ति का विकास जरूरी
9 देश-विदेश सरकार अपने मनपसंदों के आने तक न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी कर रही
11 विविध डस्की ब्यूटी का है जमाना

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, बुधवार, 18 जनवरी, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



न्यूजीलैंड के खिलाफ मध्यक्रम में खेल सकते हैं ईशान
पेज - 12

# एनएसएस यूनिट दो के तत्वावधान में निकाली गई जागरुकता रैली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुकता रैली निकालते अग्रवाल महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के छात्र एवं छात्राएं।

**अग्रवाल** महाविद्यालय में मंगलवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के चलते एनएसएस यूनिट 2 के तत्वावधान में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को निकालने का उद्देश्य स्वयंसेवकों के माध्यम से जनमानस को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित करना था।

कॉलेज उपप्राचार्य कमल टंडन ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने युवकों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ भी दिलवाई। अपने संबोधन में मैडम ने विद्यार्थियों को अमूल्य जीवन को अत्यधिक गति में वाहन चलाकर, नशे और दुर्घटनाओं में न गंवाने की शपथ दिलाई और सामाजिक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में लगभग 70 स्वयंसेवक-सेविकाओं ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जैसे नारों के साथ यह रैली बल्लभगढ़ में सेक्टर 2 में निकाली गई। महाविद्यालय में समय-समय पर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर, स्लोगन लेखन, कविता पाठ और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी करवाया जाता है ताकि विद्यार्थियों में निजी वाहन चलाते समय और सड़क पर चलते हुए स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले लोगों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न किया जा सके। सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए युवा शक्ति अति महत्वपूर्ण माध्यम है। प्राचार्य ने एनएसएस प्रभारी. डॉ शोभना गोयल और डॉ. सुप्रिया ढांडा को रैली के कुशल संचालन के लिए बधाई दी और सभी स्वयंसेवक-सेविकाओं की भी बहुत प्रशंसा की। महाविद्यालय के डीपी मोहित हुडडा भी उपस्थित रहे।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › सिलाई, कढ़ाई और परिधान डिजाइन प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन

हरियाणा ncr

# सिलाई, कढ़ाई और परिधान डिजाइन प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन

By Shreyash Panchal January 31, 2023 4 0



फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

# सिलाई, कढ़ाई और परिधान डिजाइन प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में सिलाई, कढ़ाई और परिधान डिजाइन प्रशिक्षण केंद्र,अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा 31 जनवरी 2023 को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्राओं में कौशल विकास और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पिछले वर्ष सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया था। यह वर्धमान महावीर सेवा सोसाइटी, सेवा भारती फरीदाबाद ट्रस्ट और सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का एक संयुक्त उद्यम है। इस केंद्र को खोलने का उद्देश्य महाविद्यालय के समय में छात्राओं को कौशल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और छात्राओं को इस कौशल को हासिल करने के लिए प्रेरित किया जो उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने और उन्हें अधिक सुरक्षित और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि लड़कियों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने से हमारे समाज में सदियों पुराने लैंगिक पूर्वाग्रहों को समाप्त करने में मदद मिलेगी। इस केंद्र में छात्रों द्वारा बनाए गए सुंदर परिधानों का प्रदर्शन किया गया और अतिथियों ने उनकी सराहना की। इस प्रदर्शनी के सफल आयोजन में समन्वयक डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. रेखा सेन एवं प्रशिक्षकों सुश्री नीलम एवं सुश्री रेणु का विशेष योगदान रहा। वर्धमान महावीर सेवा समाज से श्री एमएल जैन, श्री रमेश जैन,श्रीमती नंदा जैन, शिवानी जैन, श्री केके अग्रवाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खूब सराहना की।

# अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा को मिला जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** इस बार पूरे देश ने 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसी अवसर के उपलक्ष्य में व मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास में ज़िला निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा आँचल तंवर (एम. ए हिन्दी फाइनल) को जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने विजेता छात्रा को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । प्राचार्य जी ने सभी को इसी प्रकार प्रेरित होकर देश की सेवा व देश में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संबोधन दिया। आँचल को यह पुरस्कार ज़िला उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी माननीय विक्रम सिंह द्वारा मिला । साथ ही छात्रा को 700 रु/- की नगद राशि भी पुरस्कार के रूप में मिली। इस अवसर पर डा. जयपाल, मनमोहन सिंगला, उदिता कुण्डू आदि सभी शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दी।

Vol.10, Issue 1, Jan-March 2023

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
-Newspaper -Online Web Portal

होम | ताजा | देश | राज्य | राजनीति | शिक्षा | क्राइम | करियर | फरीदाबाद – एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल महाविद्यालय में पराक्रम दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन

ताजा | बल्लभगढ़ | शिक्षा

## अग्रवाल महाविद्यालय में पराक्रम दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन

By **Poonam Sagar** - January 23, 2023 · 105 · 0




02
युवाओं को लेना चाहिए देश भक्ति का संकल्प: राहुल अंबावता

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04
नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाई


नई दिल्ली, पृष्ठ-04, मंगलवार, 24 जनवरी 2023 | राष्टीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2079, अमांत-पौष, शुक्ल पक्ष तृतीया, मूल्य, 2.00 रुपए

## देशभक्ति से ओत–प्रोत कार्यक्रम किए आयोजित

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में सोमवार को महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की इकाइयों द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा-निर्देशन में पराक्रम दिवस के उत्सव पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद किया गया। इस पावन अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा शंकर मिश्र, प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत तथा महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर्स ने नेताजी को नमन कर उन्हें पुष्प अर्पित किए। सरोज कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला प्रमुख, भूपेंद्र मल्होत्रा, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख, कुशल ठाकुर, समाज सेवी ने भी अतिथि के तौर पर महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में शिरकत की। इसके उपरांत कार्यक्रम आयोजक और महाविद्यालय की रेड क्रॉस इकाई के संयोजक डा. जयपाल सिंह ने कालेज ऑडिटोरियम में सभा को नेताजी के विचारों और उनके जीवन से मिलने वाली सीख से अवगत कराया। मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय में पधारे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के हरियाणा प्रांत सम्पर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थिओ को नेताजी के वास्तविक जीवन के कई अनछुए पहलुओं से रूबरू कराया। नेताजी के देशप्रेम के प्रसंग तथा विद्यार्थियों का उनके वक्तव्य के प्रति आकर्षण देखने योग्य था। मंच संचालन डॉ. सुप्रिया ढांडा, सहायक प्रवक्ता इतिहास ने किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास काउंसलर सुभाष कैलोरिया ने मुख्य अतिथि गंगा शंकर मिश्र को पराक्रम दिवस के इस पावन अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित सभा को संबोधित करने हेतु महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों की ओर से हार्दिक साधुवाद किया। पराक्रम दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों में राष्ट्रसेवा व आत्मविश्वास की भावना को जागृत करना है। शिविर में रैड़ क्रॉस के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह, तृतीय इकाई के काऊंसलर लवकेश व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के कोऑर्डिनेटर डॉ. देवेंद्र व मैडम पूजा उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलनः नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन व योगदान विषय पर नेशनल लेवल ऑनलाइन क्विज का भी आयोजन किया गया जिसमें 84 प्रतिभागियों ने भाग लिया। क्विज संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने क्विज परिणाम जारी करते हुए बताया कि चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना के छात्र अल्पेश ने प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद के छात्र सूरज कुमार ने दूसरा व रोहित सिन्हा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।



सृमति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। — आज समाज

## सात दिवसीय स्वच्छता अभियान की हुई शुरूआत

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता अभियान स्वच्छता हमारे शरीर, मन, पोशाक, घर, परिवेश और अन्य कार्य क्षेत्र को साफ और स्वच्छ रखने की क्रिया है। आसपास के क्षेत्रों या घर में गंदी चीजें कीटाणु, बैक्टीरिया, वायरस और फंगस पैदा करने वाली विभिन्न बीमारियों को जन्म देती है।

इससे संबंधित जानकारी देने के लिए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के स्वच्छता सेनानी क्लब ने छात्रों के बीच स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय परिसर में सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता अभियान शुरू करके स्वच्छता जागरूकता सात दिवसीय कार्यक्रम मनाया। इस प्रतियोगिता का विषय था अपशिष्ट प्रबंधन। स्वच्छता अभियान का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए आसपास के क्षेत्रों और पर्यावरण की स्वच्छता बहुत आवश्यक है। इन सात दिनों 18 से 24 जनवरी 2023 के दौरान, स्वच्छता सेनानी क्लब ने स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट दिनों में विभिन्न गतिविधियों की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा है। इस कार्यक्रम का समन्वय स्वच्छता सेनानी टीम डॉ. अशोक निराला (संयोजक), डॉ. रेखा सैन (प्रभारी) और सुश्री मोहिनी वर्मा (प्रभारी) द्वारा किया गया। स्वच्छता आत्मविश्वास के स्तर और आत्म-सम्मान के साथ-साथ दूसरों के सम्मान में भी सुधार करती है। यह एक अच्छी आदत है जो हमें हमेशा खुश रखती है। इससे हमें समाज में बहुत गर्व महसूस होता है। हमारी स्वस्थ जीवन शैली और जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए स्वच्छता बहुत आवश्यक है।

स्वच्छता जागरूकता सात दिवसीय कार्यक्रमों के लिए निर्धारित गतिविधियों के हिस्से के रूप में,स्वच्छता सेनानी क्लब ने 18 जनवरी, 2023 को अपने परिसर में स्वच्छता ड्राइव का आयोजन किया। स्वच्छ भारत-सुंदर भारत, स्वच्छ भारत-हरित भारत जैसे बैनर लेकर छात्र-छात्राएं महाविद्यालय परिसर पहुंचे और खेल मैदान व महाविद्यालय के अन्य क्षेत्रों की सफाई शुरू कर दी। इसका उद्देश्य स्वच्छता के मुद्दों और प्रथाओं पर गहन ध्यान केंद्रित करना और छात्रों को स्वच्छता के गुणों के बारे में शिक्षित करना था।



स्वच्छता अभियान के तहत कार्य करते हुए। — आज समाज




फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स — हिन्दी दैनिक — SJT

वर्ष-12, अंक-25 बुधवार 25 जनवरी, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

## स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सम्पन्न

### कार्यक्रमों में अधिकतम संख्या में छात्रों ने लिया भाग

बल्लभगढ़, 24 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज के स्वच्छता सेनानी क्लब ने मंगलवार को स्वच्छता जागरूकता सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया। संस्थान/बस स्टैंड अस्पताल परिसर को साफ रखने के लिए इस स्वच्छता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अधिकतम संख्या में छात्रों ने भाग लिया। वे स्वच्छता अभियान, स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, पीपीटी प्रतियोगिता, स्वच्छता जागरूकता रैली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट मेकिंग वर्कशॉप जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में भी अपना समय देते हैं और स्वच्छता मिशन के बारे में जनता को जागरूक भी करते हैं।

प्रदर्शनी का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया है। उन्होंने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा हर काम के लिए सरकार पर निर्भर रहना जरूरी नहीं है। व्यक्ति की मानसिकता पर ही निर्भर करता है कि वह कैसे रहना चाहता है। माहौल से भी सोच में बदलाव आता है। क्यो कि देखा गया है कि घर के माहौल पर ही बच्चे की सोच उभरती है। वही आदत उसके अंदर होगा। उन्होंने कहा कि स्वयं स्वच्छ रखने के बाद ही दूसरे को स्वच्छ रहने की सलाह दी जा सकती है।

प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक समन्वयन डॉ. रेखा सेन और सुश्री मोहिनी वर्मा ने किया। स्वच्छता सेनानी क्लब के छात्रों ने अपशिष्ट पदार्थ जैसे खाद, प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करके प्लास्टिक के बर्तन, अखबारों और पॉलीबैग का उपयोग करके सजावटी सामान का उपयोग करके विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बनाई।प्रदर्शनी का विषय अपशिष्ट प्रबंधन था।वेस्ट मैनेजमेंट कचरे के पुनः इस्तेमाल का तरीका है। इसमें कचरे को नष्ट करने की बजाय इसे रिसाइकिल किया जाता है। हमारे देश में फिलहाल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए पर्याप्त तकनीक नहीं है और न ही इसे लेकर जागरूकता है, लेकिन कचरा पैदा करने में अग्रणी देश होने की वजह से यह जरूरी होता जा रहा है कि हम इसके बारे में जानें। कचरा बढ़ने की प्रमुख वजह जनसंख्या वृद्धि और तेज आर्थिक विकास है। देश में पैदा होने वाला लगभग 80% कचरा कार्बनिक उत्पादों, गंदगी और धूल कर मिश्रण होता है।घरों, शहरों व फैक्टरियों से निकलने वाले कूड़े का सही तरीके से प्रबंधन न हो पाना एक बड़ी समस्या है। हर देश इसकी समस्या से ग्रसित है। लाख प्रयास के बाद भी इस क्षेत्र में उतना काम नहीं हो पा रहा, जितनी जरूरत है। केंद्र सरकार के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम सहित कई एनजीओ इस समस्या से निजात पाने में लगे हैं। इसके लिए वे घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र कर रहे हैं। इस कूड़े में जो कुछ ज्वलनशील है उससे एनर्जी तथा जो सड़ने वाला है, उससे वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा है।

आज भी लोग जागरूकता के अभाव में कूड़ा अथवा अपशिष्ट जहां-तहां फेंक देते हैं। इससे उनका प्रबंधन नहीं हो पाता, जबकि कई एनजीओ उन्हें इस कूडे. के एवज में पैसा भी दे रहे हैं।वेस्ट मैनेजमेंट तीन तरह से होता है।पहले में जमीन में गड्ढा खोदकर कचरे को गाढ़ना।दूसरा तरीका कचरे को एक जगह इकट्ठा कर उसे जलाना औरतीसरे में रिसाईकिल कर कचरे का पुनः उपयोग। यह तरीका सबसे ज्यादा लाभदायक है क्योंकि इसमें हम काम में लाई जाने वाली दूसरी चीजें बना सकते हैं।



स्वच्छता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए। छाया: सत्यजय टाईम्स/प्रवीण जाखड़।

VOL. XIII | ISSUE 96 | Friday 24 February 2023 | New Delhi | Pages 12 | Rs 1.00

THE IMPRESSIVE TIMES

Published from Delhi & Haryana · www.impressivetimes.com · National Daily

KARNATAKA OF CORRUPTION, MAKE IT NUMBER ONE IN SOUTH INDIA, SAYS AMIT SHAH | GIVE 'SILENCED' MAMTA JUSTICE, JHARKHAND CM HEMANT SOREN | GLENN MAXWELL, MITCHELL MARSH, JHYE RICHARDSON RETURN AS AUSTRALI…

## Aggarwal College Ballabgarh organized a Guest Lecture on the topic "Corrosion and Its Mitigation with Sustainable Approach"

Deepti Arora
info@impressivetimes.com



**FARIDABAD :** Department of Chemistry of Aggarwal College Ballabgarh has organized a Guest Lecture on the topic "Corrosion and Its Mitigation with Sustainable Approach" by Dr. Bindu Mangla, Associate Professor, Department of Chemistry, J.C. Bose University of Science & Technology, Faridabad on 23 rd February 2023 in Bio Lab under the able guidance of principal Dr. Krishan Kant Gupta Head of the Department Dr. Meenu Aggarwal welcomed the guest and introduced the invited speaker to the students. The resource person emphasized on the corrosion of metal as a vital concern for the material Scientist. Corrosion prevention is used in industries to maintain the safety, reliability and effectiveness of materials. Around 50 students of M.Sc. (P) Chemistry and B.Sc.III Chemistry (H) actively participated in the lecture and show their keen interest in the area for work. The resource person also invited students to visit chemistry Labs of her University for hands on training. Other faculty members of the Department Dr.Sapna Tyagi, Dr. Archana Chauhan, Ms. Geeta Rathi, Ms. Meenakshi, Ms. Preeti and Ms. Garima were also present there. The lecture ended with the vote of thanks by Ms. Manshi Tyagi.Hisar discussed in-depth knowledge on the requirement of ethical committee and choice of animal models for working on drugs. On this occasion Prof. Antresh Kumar, Prof. Gunjan Goel, Dr. Mulaka Maruthi, Dr. Jitender Kumar Dr. Ravi, etc., were also present at this event.

> "AROUND 50 STUDENTS OF M.SC. (P) CHEMISTRY AND B.SC. III CHEMISTRY (H) ACTIVELY PARTICIPATED IN THE LECTURE AND SHOW THEIR KEEN INTEREST IN THE AREA FOR WORK. THE RESOURCE PERSON ALSO INVITED STUDENTS TO VISIT CHEMISTRY LABS OF HER UNIVERSITY FOR HANDS ON TRAINING.



## कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन



बल्लभगढ़, 08 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। बुधवार को अग्रवाल महाविद्यालय में उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता पर एक कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरूवात प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के भाषण से हुई। उन्होंने बताया महाविद्यालय में एसडीजी क्लब की स्थापना 2022 में की गई थी। जिसमें समय-समय पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उन्होंने बताया उद्यमिता के माध्यम से केवल पैसा ही नहीं कमाया जा सकता बल्कि ख्याति कमाई जा सकती है। उन्होंने Will और Goodwill के अंतर को बताते हुए उनकी महत्वता के बारे मे बताया।

उन्होंने बताया कि will के द्वारा कैसे Goodwill कमाई जा सकती है और हर किसी को goodwill कमा कर समाज के लिए काम करना चाहिए' इस सत्र के मुख्य वक्ता अनित गुप्ता निदेशक (एआरसी गुरुग्राम) ने अपना व्याख्यान रोचक और आकर्षक तरीके से विद्यार्थियों के साथ से साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपने, उनके उद्देश्य और उनकी रूचि आदि के बारे में पूछा जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ अगर काम किया जाएगा तो वह अवश्य सफल होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समस्या नही समाधान के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय मे एआरसी फाउंडेशन द्वारा जो सर्टिफिकेट कोर्स, महाविद्यालय में शुरू किया जा रहा है जिसका विषय सामाजिक उद्यमिता के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। इस कोर्स में 40 विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता और समाज कल्याण के कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स · SJT · हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-32 वीरवार 02 फरवरी, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

## कौशल विकास की दिशा में अग्रवाल कॉलेज ने बढ़या एक और कदम



बल्लभगढ़, 01 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। बुधवार को अग्रवाल कॉलेज में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह महाविद्यालय में स्किल हब इनीशिएटिव पी.एम.के.वी.वाई. 3.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे दो सर्टिफिकेट कोर्स "रिटेल स्टोर ऑपरेशन असिस्टेंट" तथा "हाउसकीपिंग अटेंडेंट (मैनुअल क्लीनिंग)" के सफल विद्यार्थियों के सम्मान तथा प्रमाण पत्र वितरण के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती माता के समक्ष दीपशिखा प्रज्वलित करके किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने सफल छात्रों को शुभ आशीष दी तथा कहा कि दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम तथा जुझारू पर ही सफलता के द्वार खोलता है। वह विद्यार्थी जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ चुके थे स्किल हब इनीशिएटिव के यह सर्टिफिकेट कोर्स ऐसे विद्यार्थियों को मुख्यधारा में फिर से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने अन्य छात्रों को भी महाविद्यालय में चल रहे अलग-अलग सर्टिफिकेट कोर्सेज से जुड़ने की अपील की। नोडल ऑफिसर डॉ. के.एल. कौशिक ने सभागार को संबोधित करते हुए सर्टिफिकेट कोर्सेज के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि महाविद्यालय ने सुनहरा अवसर प्रदान किया है जिसका अधिक से अधिक बच्चों को लाभ उठाना चाहिए।

रोजगार पूरा के सर्टिफिकेट कोर्स सभी सरकारी तथा निजी संस्थानों में मान्य है। कार्यक्रम में कमल टंडन, ट्रेनर डॉ. डिंपल सिंघल, डॉ. पूनम रौतेला, डॉ. विनीत नागपाल, उप-अधीक्षक मनमोहन सिंगला, लिपिक सौरभ गुप्ता और महेंद्र कुमार तथा विभिन्न कोर्स के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सफल विद्यार्थी प्रमाण पत्र पाने को अति उत्सुक थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के द्वारा किया गया और अंत में अतिथियों तथा छात्रों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा करियर काउंसलिंग एजुकेशनल एलआईटी फेस्ट-2023 विजिट

हरियाणा ncr

## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा करियर काउंसलिंग एजुकेशनल एलआईटी फेस्ट-2023 विजिट

By Shreyash Panchal February 11, 2023 · 8 · 0

08 गुरुग्राम, रविवार 12 फरवरी 2023 · गुरुग्राम-दिल्ली-ए

## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा करियर काउंसलिंग एजुकेशनल एलआईटी फेस्ट-2023 विजिट




ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। शनिवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के संरक्षण में टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा एलआईटी फेस्ट-2023 में करियर काउंसलिंग एजुकेशनल विजिट का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम इंचार्ज विंग 3, डॉ. संजीव गुप्ता, निदेशक, करियर काउंसिलिंग ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । यह शैक्षणिक भ्रमण बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए), बैचलर ऑफ वोकेशनल (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट), बीएससी, बीकॉम और एमएससी के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इस सेमिनार में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इन छात्रों के साथ अपने संबंधित संकायों के लेक्चरर्स डॉ. सचिन गर्ग, डॉ निशा, सुश्री पूनम शर्मा, सुश्री बबीता, सुश्री अनीता, सुश्री दीपिका, सुश्री अर्चना और श्री विशेष उपस्थित थे। इस सेमिनार में, आईटी मंत्री श्री अश्विनी विश्नोव ने छात्रों के साथ बातचीत की और उन्होंने छात्रों को करियर के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में, केंद्र सरकार ने राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में युवाओं की पूरी क्षमता को सामने लाने के लिए कई पहल की हैं स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के अवसर पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। वर्ष 2047 तक आने वाले अमृत काल के लिए हमारी प्रगति और संकल्प को प्रतिबिंबित करने का यह एक उपयुक्त क्षण है जब हम अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी समारोह मना रहे होंगे।

मंत्री ने आगे कहा कि नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, चल रहे तकनीकी परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन ने छात्रों के लिए शिक्षण और सीखने की पद्धति को बदलने का नेतृत्व किया है। वर्तमान चौथी औद्योगिक क्रांति युग ने पूरे क्षेत्र में करियर के अवसरों के नए आयाम सामने लाए हैं। स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र की उभरती हुई प्रवृत्ति एक सकारात्मक संकेत है और युवा पीढ़ी की प्रतिभा का प्रमाण है। आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि आईटी लिट फेस्ट 2023 करियर काउंसलिंग सेमिनार छात्रों को अधिक सूचित निर्णय लेने में मदद करेगा। छात्र उनके प्रेरक विचारों से प्रभावित हुए। सभी छात्रों को टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा रिफ्रेशमेंट भी दिया गया। सभी छात्रों ने इस सेमिनार में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अश्विनी विश्नोव ने भी उनके सभी जिज्ञासा पूर्ण सवालों का बड़ी ही सरलता के साथ जवाब दिया।

Vol.10, Issue 1, Jan-March 2023

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › "ग्रह बचाओ - पृथ्वी बचाओ" विषय पर एक सप्ताह का उत्सव अग्रवाल...

हरियाणा ncr

## "ग्रह बचाओ – पृथ्वी बचाओ" विषय पर एक सप्ताह का उत्सव अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में आयोजित

By Jantantratoday February 18, 2023 7 0

### ग्रह बचाओ–पृथ्वी बचाओ विषय पर साप्ताहिक उत्सव आयोजित

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन क्लब ने प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और संयोजक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता एंड कंपनी के पर्यवेक्षण में ग्रह बचाओ-पृथ्वी बचाओ विषय पर एक सप्ताह का उत्सव आयोजित किया है। सह-संयोजिका डॉ. मीनू अग्रवाल दिनांक 13 से 17 फरवरी तक विभिन्न उप-थीम के तहत कविता पाठ, स्लोगन राईटिंग, कोलाज मेकिंग, पीपीटी प्रेजेंटेशन और बेस्ट आउट ऑफ ई-वेस्ट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अर्चना और मोहिनी द्वारा समन्वित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन के पहले दिन शनिवार को किया गया था, प्रथम स्थान निधि बीएससी, काजल सिंह एमएससी ने दूसरा स्थान और अंजलि बीएससी ने तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरे दिन 14 फरवरी को बेस्ट आउट ऑफ ई-वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इसका समन्वयन मानसी त्यागी और डॉ. अर्चना चौहान ने किया। जिसमें भावना बीएससी. केम.(ऑनर्स), दिव्या बीबीए दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम स्लोगन राईटिंग, कोलाज मेकिंग और पीपीटी प्रेजेंटेशन उत्सव के तीसरे दिन को आयोजित किए गए थे और डॉ. रेखा सेन, सुश्री मोहिनी और सुश्री दीपिका द्वारा समन्वित किया गया था। वंदना बीएससी ने कोलाज मेकिंग में प्रथम, द्वितीय), कंचन बीबीए, व तृतीय स्थान भूमिका बीसीए ने प्राप्त किया।




### जैविक विविधताओं के संरक्षण पर हुई स्लोगन प्रतियोगिता

बल्लभगढ, 15 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीवो की अहम भूमिका होती है। वन्यजीव प्रकृति की विभिन्न प्रक्रियाओं को स्थिरता प्रदान करते है। वन्यजीव और प्रकृतिजैविक विविधताओं के संरक्षण काफी हद तक भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्यों से जुड़े रहे है। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजी महत्व के साथ-साथ जैविक विविधताओं के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

सूखे, नए रेगिस्तान, आग और बाढ़ की रोकथाम के लिए वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है। साथ ही, यह संरक्षण सुनिश्चित करता है कि मानव और वन्य जीवन की आने वाली पीढ़ियां प्रकृति से घिरी रहेंगी जिससे उसे प्यार हो और वन्यजीवों के महत्व को समझा जा सके। इसके अलावा,



वन्यजीव रोगों के कारण कीटों के विभिन्न प्रतिरोधी उपभेदों के लिए जीन पूल के रूप में कार्य करते हैं। अग्रवाल कॉलेज के इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन क्लब ने छात्रों को "वन्य जीवन के संरक्षण" के महत्व को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज परिसर में 15 फरवरी, 2023 को "नारा लेखन प्रतियोगिता" का आयोजन किया इस प्रतियोगिता का विषय था "वन्यजीव संरक्षण"। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का समन्वयन इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन टीम, डॉ. संजीव गुप्ता (संयोजक), डॉ. रेखा सेन (समन्वयक) और सुश्री मोहिनी वर्मा (समन्वयक) द्वारा किया गया। दुनिया के पारिस्थितिक तंत्र के हिस्से के रूप में, वन्यजीव प्रकृति की प्रक्रियाओं को संतुलन और स्थिरता प्रदान करते हैं। वन्यजीव संरक्षण का लक्ष्य इन प्रजातियों के अस्तित्व को सुनिश्चित करना और लोगों को अन्य प्रजातियों के साथ स्थायी रूप से रहने के बारे में शिक्षित करना है। वन्यजीव संरक्षण प्राकृतिक आवास और खाद्य श्रृंखला को बनाए रखता है। यह सब इस तरह के आयोजन करने का मकसद था ताकि हमारे युवाओं को इसके बारे में पता चले।

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक

नेशनल प्रहरी NEWS

-Newspaper -Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद - एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल महाविद्यालय की डॉ० सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में...

ताजा बल्लभगढ़ शिक्षा

## अग्रवाल महाविद्यालय की डॉ० सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिया गया व्याख्यान

By Poonam Sagar - February 2, 2023 117 0

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूपुरा में डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा दिया गया व्याख्यान

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। वीरवार को सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ० सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ० सुप्रिया ढांडा द्वारा विद्यालय के पाँचवीं से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व एवम् मार्गदर्शन में हुआ। व्याख्यान का विषय-स्वच्छता पर महात्मा गांधी जी के विचार रहा। डॉ० सुप्रिया ढांडा ने अपने वक्तव्य में बताया किसाफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था- स्वच्छता ही सेवा है।



हमारे देश के लिए, हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ० सुप्रिया ने स्वच्छता पर महात्मा गांधी जी के विचारों को विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि गांधी जी राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज्यादा जरूरी व्यक्तिगत स्वच्छता को मानते थे। उनके विचार थे कि यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है और बेहतर साफ-सफाई से ही भारत के गाँवों को आदर्श बनाया जा सकता है। स्वच्छता का महत्व कोरोना काल में रोगियों की बढ़ती संख्या एवं अस्पतालों में साफ-सफाई को ध्यान देने की आवश्यकता से यह बात और भी स्पष्ट हो गई है कि आज जीवन में स्वच्छता की कितनी जरूरत है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है।अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता डॉ० सुप्रिया ढांडा ने व्याख्यापूर्ण विवरण दिया।राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, की कॉमर्स विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी ने अंत में डॉ० सुप्रिया ढांडा का इस प्रेरक व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया।अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने बताया की सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत इतिहास विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के विद्यार्थियों ने यूथ20 प्रोग्राम में भाग लिया

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के विद्यार्थियों ने यूथ20 प्रोग्राम में भाग लिया

By Shreyash Panchal February 13, 2023 7 0

### अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के विद्यार्थियों ने यूथ20 प्रोग्राम में भाग लिया



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। सोमवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के विद्यार्थियों के समूह ने प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल दिशा निर्देशन में जवाहरलाल नेहरू ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित हेल्थ, वेलबिंग एवं स्पोर्ट्स यूथ20 प्रोग्राम में शिरकत की। यह प्रोग्राम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविधालय माउंट आबू के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसमें देश के प्रतिष्ठा शिक्षण संस्थानों के हजारों युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य वक्ता के रूप में बहन कुमारी शिवानी ने युवा पीढ़ी के लिए स्वास्थ्य, भलाई एवं खेल के महत्व पर व्याखयान दिया। उन्होंने बताया कि मेडिटेशन से ध्यान केंद्रित करके व्यक्ति बाहरी आडंबरों बचा रहेगा व अपने कैरियर के प्रति सजग रहकर अच्छा नागरिक बनकर देश के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर सकेगा। अग्रवाल महाविद्यालय के 10 विधार्थियों के दल के साथ अध्यापक ईचार्ज सुभाष कैलोरिया सहायक प्राध्यापक उपसथित रहे।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय में ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय में ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

By Shreyash Panchal February 14, 2023 2

## अग्रवाल महाविद्यालय में ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान का परिचय विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री मोहम्मद नाज़िश, सहायक प्रोफेसर, राजनीति शास्त्र और लोक प्रशासन विभाग, बनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान थे। वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती कमल टंडन ने इस तरह की समृद्ध गतिविधियों के आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी और छात्रों को शोध के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। उन्होंने इस तथ्य पर ध्यान केंद्रित किया कि मनुष्य स्वभाव से एक सामाजिक प्राणी है। और यह कार्यशाला कला और मानविकी स्ट्रीम के छात्रों को सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान की अवधारणा को समझने में मदद करेगी। कार्यशाला के वक्ता ने सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने अनुसंधान के चरणों और उसकी विभिन्न प्रक्रियाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि यह विषय बहुत अच्छी तरह से चुना गया है क्योंकि किसी देश की सरकार और व्यापार दोनों के लिए आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक नीतियों में सहायता करने के लिए इसका बहुत महत्व है।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय में "सड़क सुरक्षा" जागरूक कार्यक्रम के तहत डॉक्यूमेंट्री (वृत्तचित्र) दिखाई...

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय में "सड़क सुरक्षा" जागरूक कार्यक्रम के तहत डॉक्यूमेंट्री (वृत्तचित्र) दिखाई गई

By Shreyash Panchal February 9, 2023 7 0

आज समाज

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

## सड़क सुरक्षा के बारे में दी जानकारी



**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्कृत विभाग, एनसीसी और यूनिवर्सिटी आउटरीच कार्यक्रम के संयुक्त तत्वाधान में सडक सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम के तहत डॉक्यूमेंट्री (वृत्तचित्र) दिखाई गई। सडक सुरक्षा को लेकर आज मानव जाति लापरवाह होती जा रही है, जिसके कारण सडक हादसे से कई लोग काल के ग्रास बनते जा रहे हैं। इन हादसों का अधिकतर शिकार युवा ही होते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में समय-समय पर कार्यक्रम होते रहते हैं इसी श्रंखला में आज का वृत्तचित्र दिखाया गया। जिसके माध्यम से छात्रों को सडक के नियम का पालन करना, वाहन चालक को नियम से अवगत कराना, हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना आदि नियमों से अवगत कराया साथ ही सडक दुर्घटना में होने वाले भयंकर परिणाम पर एक लघु फिल्म दिखा कर छात्रों को जागरूक किया। अंत में डॉ. पूजा सैनी ने विद्यार्थियों को इस वृत्तचित्र को देखकर भविष्य में इन नियमों को अपनाने पर जोर दिया। सडक सुरक्षा जीवन रक्षा उद्देश्य को लेकर आज के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सीख ली और ऐसी लापरवाही ना स्वयं करेंगे और ना किसी को करना देंगे का मूल मंत्र अपनाएंगे। इस कार्यक्रम में 63 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में श्रीजा वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से एक मेहंदी...

हरियाणा ncr

## अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में श्रीजा वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन श्रीजा ब्यूटी पार्लर में किया गया

By Jantantratoday February 23, 2023 8 0



आज समाज

www.aajsamaaj.com

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 24 फरवरी 2023 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

## मेहंदी प्रतियोगिता में अंशुल प्रथम



**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में श्रीजा वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन श्रीजा ब्यूटी पार्लर में किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन मे किया गया। श्रीजा ब्यूटी पार्लर की फाउंडर, डॉ निधि अग्रवाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहेगा उन्हें श्रीजा फाउंडेशन की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ डिंपल थी। इस कार्यक्रम में 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रथम स्थान अंशुल, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान पर मनीषा, बी वॉक रिटेल मैनेजमेंट की द्वितीय वर्ष की छात्रा रही। इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर मुस्कान, नेहा गर्ग, बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में कोमल, बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › एजुकेशन › अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के आउटरीच प्रोग्राम के तहत सड़क सुरक्षा रैली का...

एजुकेशन हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के आउटरीच प्रोग्राम के तहत सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन

By Shreyash Panchal March 3, 2023

पायनियर
www.pioneerhindi.com पेज - 12

## आउटरीच प्रोग्राम के तहत सड़क सुरक्षा रैली का हुआ आयोजन



सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ के आउटरीच प्रोग्राम के तहत प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में अंग्रेजी विभाग व यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के संयुक्त तत्वावधान में गोद लिए गांव चंदावली में 'सड़क सुरक्षा' जागरूकता रैली निकाली गई।

इस रैली में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय चंदावली की छात्राएं व अग्रवाल कॉलेज के वॉलंटियर्स ने भाग लिया। रैली स्कूल से होते हुए बाजार तक निकली गई। रैली के उपरांत यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया ने विद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत कराया गया व नियमों पालन करने की शपथ भी दिलाई। अग्रवाल कॉलेज समय समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका वीरबाला सहित विद्यालय के अन्य अध्यापक सदस्य भी मौजूद रहे।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › एजुकेशन › सतत विकास लक्ष्य क्लब द्वारा वार्ता तथा स्लोगन प्रतियोगिता

एजुकेशन हरियाणा ncr

## सतत विकास लक्ष्य क्लब द्वारा वार्ता तथा स्लोगन प्रतियोगिता

आज समाज
www.aajsamaaj.com
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शनिवार, 04 मार्च 2023

## वार्ता व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में सतत विकास लक्ष्य क्लब के तत्वावधान में एक वार्ता व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि विद्यार्थियों में बेहतर स्वास्थ्य, स्त्री पुरुष समानता शिक्षा, तकनीकी जानकारी पर्यावरण की रक्षा इत्यादि विषयों को पूर्ण रूप से समझ सकें । कार्यक्रम की वक्ता डॉ भावना सयाल, एसोसिएट प्रो. रावल इंस्टिट्यूट, फरीदाबाद ने अपने वक्तव्य में बताया कि भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए सभी को आपस में सहयोग होना चाहिए। वो केवल हम क्लब के माध्यम से कर सकते हैं।

सभी गतिविधियों में भागीदारी करना ही आपकी शिक्षा की गुणवत्ता को परिभाषित करता है। स्त्री पुरुष समानता को हम नुक्कड़ नाटक में प्रदर्शन से समाज को संदेश दे सकते हैं। कार्यक्रम की संयोजक डॉश रेखा सैन तथा डॉ. देवेंद्र के द्वारा इस वार्ता तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ताकि छात्र छात्राएं सतत विकास में लक्ष्य को अपनी जीवन शैली में अपना सकें।



अपना वक्तव्य देते हुए।

सतत विकास लक्ष्य के कन्वीनर डॉ. मनोज शुक्ला के द्वारा इस क्लब में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता रहता है। स्लोगन प्रतियोगिता में राखी (बीए-11) ने प्रथम स्थान, मनविंदर (बीएससी फिजिक्स ऑनर्स) ने द्वितीय स्थान तथा अंजलि (बीए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचर्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा प्रतिभगियों को उनकी भागीदारी के लिए प्रशंसा की।

नेशनल प्रहरी NEWS
-Newspaper -Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद – एन सी आर

ताजा बल्लभगढ़ शिक्षा

## अग्रवाल कॉलेज ने किया नशा मुक्ति विषय के तहत रैली-सह-स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

By Poonam Sagar - March 4, 2023



## नशा मुक्ति विषय पर स्कूल आउटरीच कार्यक्रम के तहत रैली-सह-स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** शनिवार को प्रबंधन विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने सोनू नवचेतना फाउंडेशन (एनजीओ) के सहयोग से अपने स्कूल आउटरीच कार्यक्रम के एक भाग के रूप में चौ. सी.एल. चंदेला सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद के 8वीं, 9वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति: नशा छोड़ें, जीवन चुनें पर एक रैली-सह-स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय इस प्रकार के आयोजन करता रहता है। इधर सोनू नवचेतना फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. दुर्गेश शर्मा ने छात्रों को से नो टू एल्कोहल विषय पर संबोधित किया। अपनी बात में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि कम उम्र में ही बच्चों की देखभाल की जाए तो उन्हें हानिकारक चीजों की लत के दुष्प्रभाव से बचाया जा सकता है। उन्होंने आगे छात्रों को विभिन्न प्रकार के व्यसनों से अवगत कराया और बताया कि यह मानव शरीर को कैसे नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने शराब और सिगरेट की लत से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय बताए और उन्हें देश के विकास में योगदान देने के लिए अपनी शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 9वीं कक्षा की सुश्री काजल और सुश्री सुष्मिता ने क्रमश: प्रथम और दूसरा पुरस्कार जीता, जबकि 11वीं कक्षा की निर्जला ने तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 9वीं की सुश्री संध्या और सुश्री जागृति को सांत्वना पुरस्कार मिला। पुरस्कार वितरण के तुरंत बाद इसी थीम पर रैली स्कूल कैंपस से शुरू हुई और



कैंपस से 4 किमी के दायरे में आने वाले क्षेत्र को कवर किया गया। रैली में कक्षा 8वीं, 9वीं और 11वीं के छात्र-छात्राएं अपने फैकल्टी में बर्स के साथ पहुंचे। छात्रों ने स्वास्थ्य जागरूकता और नशा मुक्ति संबंधी समस्याओं पर नारे लगाए और लोगों को नशा मुक्ति और इस के तरीकों के बारे में जागरूक किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग की सहायक प्राध्यापक दीपमाला ने किया। प्रबंधन विभाग की डीन और एच.ओ.डी. डॉ. शिल्पा गोयल के निर्देशन में यह कार्यक्रम काफी सफल रहा। प्रभारी विंग तृतीय डॉ. संजीव गुप्ता विभिन्न विभागों के शिक्षकों को विभिन्न विद्यालयों में इस प्रकार की गति विधियों का आयोजन करते रहने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

The Impressive Times
New Delhi, 05 March 2023 | Vol. No. XIII | ISSUE No. 105 | Pages : 08 | Price Rs. 1.00
National Daily
www.impressivetimes.com

Pamphlets Printing At Cheapest Rate
9899161113
BERLINA FLEX

MOBILE DIGITAL WORLD
DEALS IN : All Kinds of Mobile Phone & Accessories
8010000036

KEJRIWAL URGES PEOPLE TO GIVE AAP A CHANCE FOR CORRUPTION-FREE GOVT...@4 | CM YOGI ADITYANATH LAUNCHES 'UP RAHI' APP...@4

## A Rally-Cum- Slogan Writing Competition organised under School Outreach Program on the theme Deaddiction

Sanjay Kumar
info@impressivetimes.com

**BALLABGARH** : On 04 February 2023, Department of Management, Aggarwal College Ballabhgarh, in association with Sonu Navchetna Foundation (NGO) organized a Rally-cum-Slogan Writing Competition on "Deaddition: Quit Drugs, Choose Life" as a part of its ongoing School Outreach Program for the students of 8th, 9thand 11thclass at Ch. C. L. Chandela Senior Secondary School Faridabad. The college keeps conducting such kinds of events under the able guidance of Principal Dr. Krishan Kant Gupta. The occasion was graced by Mr. Praveen Kumar, Principal, Ch. C. L. Chandela Senior Secondary School Faridabad. Dr. Durgesh Sharma, Founder of NGO Sonu Navchetna Foundation addressed the students on the



theme "Say No to Alcohol". In his talk, he emphasized that if children are taken care of at a young age, they could be protected from the side effects of addiction of harmful things. He further apprised the students of the different types of addictions and how it causes harm to the human body. He explained various types of remedies to avoid alcohol and cigarette addiction and encouraged them to focus on their education and health to contribute to the development of the country. A total of 20 students participated in the Slogan Writing Competition. Ms. Kajal and Ms. Sushmita of 9th class won first and second prizes respectively, while Nirjala of class 11th bagged third position. Ms. Sandhya and Ms. Jagriti of class 9th got consolation prizes.

> HE FURTHER APPRISED THE STUDENTS OF THE DIFFERENT TYPES OF ADDICTIONS AND HOW IT CAUSES HARM TO THE HUMAN BODY. HE EXPLAINED VARIOUS TYPES OF REMEDIES TO AVOID ALCOHOL AND CIGARETTE ADDICTION AND ENCOURAGED THEM TO FOCUS ON THEIR EDUCATION AND HEALTH TO CONTRIBUTE TO THE DEVELOPMENT OF THE COUNTRY.

Estd. 1971

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
-Newspaper -Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद – एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा मनाया गया "इंटरनेशनल पाई डे"

ताजा फरीदाबाद शिक्षा

## अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा मनाया गया "इंटरनेशनल पाई डे"

By Poonam Sagar - March 14, 2023 149 0

## अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा मनाया गया इंटरनेशनल पाई डे

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 14 मार्च 2023 को गणित विभाग के तत्वाधान में इंटरनेशनल डे ऑफ मैथमेटिक्स एवं इंटरनेशनल पाई डे मनाया गया द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं पाई दौड़ आयोजित की गई द्य गणित विभागाध्यक्ष डॉ. के.एल. कौशिक जी इस कार्यक्रम में संयोजक रहे तथा उन्होंने गणित के क्षेत्र में पाई की उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया द्य रंगोली प्रतियोगिता में कुल 5 टीम रही द्य जिनमे प्रथम स्थान पर नेहा, आंचल (एमएससी प्रथम वर्ष), दूसरे स्थान पर मानसी, करिश्मा (बीएससी मैथ्स ऑनर्स तृतीय वर्ष), तीसरे स्थान पर भावना (बीएससी मैथ्स ऑनर्स द्वितीय वर्ष) तथा भावना (एमएससी मैथ्स द्वितीय वर्ष) रही द्य तथा पाई दौड़ में चार टीमों ने भागीदारी दिखाई जिसमें विजेता टीम आर्यभट्ट (मानसी, करिश्मा, ज्योति, कंचन, करुणा, माही व तन्नु) रही द्य इस कार्यक्रम में आयोजन सचिव श्रीमती प्रिया अरोड़ा, डॉ. ममता ठाकुर, दीपांजलि रही तथा समन्वयक की भूमिका श्रीमती नेहा गोयल, पूनम गुप्ता ने निभाई द्य इस अवसर पर गणित विभाग की प्रवक्ता डॉ. गीता त्रिपाठी, श्रीमती रेनू बाला एवं श्री नरेंद्र उपस्थित रहे द्य विद्यार्थियों को इनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा द्य यह एक सफल आयोजन रहा।




निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
-Newspaper -Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद – एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ

ताजा बल्लबगढ़ शिक्षा

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ

By Poonam Sagar - March 4, 2023 140 0

आज समाज
www.aajsamaaj.com
नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 05 मार्च 2023 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विक्रमी संवत 2079, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी, मूल्य 2.00

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में एनएसएस शिविर का शुभारंभ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा शनिवार को सात दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। आज सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो डॉ राजकुमार (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एनएसएस एमडीयू, रोहतक) और अध्यक्ष महोदय डॉ कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा दीपशिखा प्रज्जवलन के साथ किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष डॉ कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रो डॉ राजकुमार को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने अध्यक्ष डॉ कृष्ण कांत गुप्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। सर्वप्रथम एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ कृष्णकांत गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और इस शिविर की सफलता के लिए उन्होंने शुभकामनाएं भी दीं।

एनएसएस स्वयंसेविका लक्ष्मी द्वारा एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उसके बाद एनएसएस सेवक गौरव द्वारा रागिनी, पवन द्वारा मिमक्री और एनएसएस स्वयंसेविका हिमिका द्वारा कविता सुनाई गई। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस की तीनों इकाइयों के गत वर्ष के सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों को पीपीटी द्वारा दशार्या गया। एनएसएस इकाई-एक की स्वयंसेविकाओं द्वारा



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. केके गुप्ता।

हरियाणवी नृत्य प्रदर्शन किया गया। एनएसएस इकाई-दो के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा पक्षपात को कम करने को लेकर संदेश दिया।

मुख्य अतिथि प्रो डॉ. राजकुमार ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को बताया कि जीवन में मयार्दा का बहुत महत्व है और मयार्दाओं के साथ जीवन और व्यक्तित्व निखर जाता है। वहीं उन्होंने तीनों एनएसएस इकाईयों को समाज सेवा और उत्थान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए बधाई दी। मंच संचालन एनएसएस इकाई-एक से कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुप्रिया ढांडा द्वारा बहुत ही उम्दा तरीके से किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा एवं डॉ सीमा मलिक मौजूद रहे।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक
सत्यजय टाईम्स SJT
हिन्दी दैनिक
वर्ष-12, अंक-63 रविवार 05 मार्च, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण
RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## अग्रवाल कॉलेज में एन.एस.एस. शिविर का शुभारम्भ

बल्लभगढ़, 04 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल कॉलेज एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा 4 से 10 मार्च तक सात दिवसीय



शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है।

आज सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजकुमार (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एनएसएस एमडीयू, रोहतक) और अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा दीपशिखा प्रज्जवलन के साथ किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रो. डॉ.राजकुमार को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। सर्वप्रथम एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और इस शिविर की सफलता के लिए उन्होंने शुभकामनाएं भी दीं।



## स्वयंसेवक को दी प्रकृति के बारे में जानकारी



स्वयंसेवक बच्चों से मिलते हुए। **आज समाज**

**बल्लभगढ़।** एनएसएस सात दिवसीय विषेश शिविर के दूसरे दिन अरावली यात्रा एवं वस्त्र वितरण गतिविधि का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ . की एनएसएस. की तीन इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा-निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत में के प्रार्थना, योग, व्यायाम, कसरत इत्यादि से हुई। तत्पश्चात कुछ स्वयंसेवक ने खेल कार्यक्रम में भाग लिया। इस शिविर में 50 स्वयंसेवक ने अरावली यात्रा की। जहां सभी प्रकृति के बारे में तमाम जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवक और सतर्कता अधिकारी बृजपाल द्वारा की गई। कार्य क्रम में अतिथि को पौधा भेंट किया गया। इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा, डॉ. सीमा मलिक और स्वयंसेवक के कार्य के लिए बधाई दी।

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
•Newspaper •Online Web Portal

होम | ताजा | देश | राज्य | राजनीति | शिक्षा | क्राइम | करियर | फरीदाबाद - एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल कॉलेज में सर्टिफिकेट कोर्स ऑन परस्यूट ऑफ हैपीनेस का शुभारंभ

ताजा | बल्लभगढ़ | शिक्षा

## अग्रवाल कॉलेज में सर्टिफिकेट कोर्स ऑन परस्यूट ऑफ हैपीनेस का शुभारंभ

By Poonam Sagar - March 15, 2023 232 0

# अग्रवाल कॉलेज में सर्टिफिकेट कोर्स ऑन परस्यूट ऑफ हैपीनेस का शुभारंभ



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में सेंटर ऑफ होलिस्टिक वेलबीइंग एंड सोलफुल वेलनेस द्वारा परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस विषय पर एक नया सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया। सर्टिफिकेट कोर्स साइंस ऑफ हैप्पीनेस के सहयोग से चलाया जाएगा। कक्षाएं विज्ञान के खुशी के जीवन कोच श्री महेश बजाज द्वारा ली जाएंगी।

उदघाटन समारोह में, उन्होंने पाठ्यक्रम के बारे में कुछ जानकारी दी। पाठ्यक्रम को प्रतिभागियों को एक खुशहाल और अधिक पूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक उपकरण और ज्ञान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ईश कुमार कोहली एक प्रतिष्ठित मुख्य अभियंता (सेवानिवृत्त) और एक परियोजना सलाहकार भी हैं। एक प्रेरक वक्ता होने के नाते, उन्होंने सकारात्मकता और खुशी लाने के लिए साइंस ऑफ हैप्पीनेस के माध्यम से कार्यशाला आयोजित करने के लिए महेश कुमार के साथ शामिल हुए। वह पिछले 12 वर्षों से उनके कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उन्होंने पाठ्यक्रम की सामग्री के बारे में चर्चा की जिसमें कई विषयों को शामिल किया जाएगा, जिसमें खुशी का विज्ञान, खुशी में रिश्तों की भूमिका, और एक खुशहाल जीवन प्राप्त करने में कृतज्ञता और ध्यान का महत्व शामिल है।

पाठ्यक्रम में भाग लेने वालों को सकारात्मक मनोविज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी विशेषज्ञों से सीखने का अवसर मिलेगा, जो व्याख्यान, चर्चा और इंटरैक्टिव अभ्यासों की एक श्रृंखला के माध्यम से अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करेंगे। उनके पास अन्य समान विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ जुड़ने और अपने स्वयं के अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा करने का अवसर भी होगा। पूर्णता का प्रमाण पत्र अर्जित करने के लिए उन्हें असाइनमेंट और आकलन की एक श्रृंखला को पूरा करने की आवश्यकता होगी।

परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस कोर्स के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, प्रिंसिपल डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा, हम खुशी की खोज पर इस नए पाठ्यक्रम को पेशकश करने के लिए सकारात्मक मनोविज्ञान के कुछ प्रमुख विशेषज्ञों के साथ साझेदारी करके खुश हैं। हमारा मानना है कि यह कोर्स लोगों के जीवन में एक वास्तविक अंतर लाने की क्षमता है, उन्हें उपकरण और ज्ञान प्रदान करके उन्हें खुश, संतुष्ट और सार्थक जीवन जीने की आवश्यकता है।

हैप्पीनेस कोर्स की खोज कॉलेज में सबसे लोकप्रिय पेशकशों में से एक है, जिसमें भावी प्रतिभागियों की उच्च स्तर की रुचि है। यह उम्मीद की जाती है कि आने वाले वर्षों में पाठ्यक्रम की लोकप्रियता में वृद्धि जारी रहेगी, क्योंकि अधिक से अधिक लोग अपने जीवन में अधिक से अधिक खुशी और तृप्ति पाने की तलाश में हैं। यह व्यक्तियों को आत्मनिर्भर भी बनाएगा और उनके सीवी को मजबूत करेगा। उदघाटन समारोह में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ इनायत चौधरी ने किया। कार्यक्रम की आयोजन टीम डॉ. सारिका कांजलिया, डॉ. पूजा सैनी, पूजा और डॉ. इनायत चौधरी थीं।

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
•Newspaper •Online Web Portal

होम | ताजा | देश | राज्य | राजनीति | शिक्षा | क्राइम | करियर | फरीदाबाद - एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल महाविद्यालय में "मिनी बाज़ार" का आयोजन

ताजा | बल्लभगढ़ | शिक्षा

## अग्रवाल महाविद्यालय में "मिनी बाज़ार" का आयोजन

By Poonam Sagar - March 1, 2023 156 0

# मिनी बाज़ार का किया गया आयोजन



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ प्रांगण में बुधवार को प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ और एंटरप्रेन्योर्स फॉर गर्ल्स के संयुक्त तत्वावधान में मिनी बाज़ार का आयोजन किया गया। 'महिला उद्यमी (वुमेन एंटरप्रेन्योर्स): आत्मनिर्भरता की तरफ एक कदम' शीर्षक को लेकर आज के कार्यक्रम का आग़ाज़ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में अहम योगदान के लिए आत्मनिर्भरता पर ज़ोर देते हुए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन समय समय पर किया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भर होने का सन्देश दिया। मुख्य अतिथि राजीव चावला, चेयरमैन, आईएमएसएमई ऑफ इण्डिया से रहे। अतिथि ने अपने वक्तव्य में प्राचार्य के इस कदम की सराहना की और इस तरह के आयोजन करते रहने में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आईएमएसएमई ऑफ़ इण्डिया तथा अग्रवाल महाविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन हुआ। इससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार उन्मुख बनाया जाएगा।

मुख्य अतिथि के करकमलों से मिनी बाज़ार का उद्घाटन किया गया। मिनी बाज़ार में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी पाक क्रिया व हस्त कला का प्रदर्शन किया। इसमें 14 प्रकार के स्टाल लगाए गए जिसमें चाट-पपड़ी, टिक्की, बिरयानी, गोल गप्पे, दही भल्ले, मोमोज़, चीला इत्यादि थे। इन 14 स्टाल में से प्रथम स्थान पर स्टाल नं. 2 मोमोज़ (ज्योति, अंजलि, कोमल), द्वितीय स्थान पर स्टाल नं. 5 पर चीला (अंजलि शर्मा, राजकुमारी, हिमानी) तथा तृतीय स्थान पर स्टाल नं. 14 हस्तकला (अलका) रही।

मंच सञ्चालन इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुप्रिया ढांडा ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती जया गोयल, श्रीमती प्रियंका मदान, श्रीमती अलीशा धंजल, डॉ. केएल कौशिक एवं डॉ संजीव गुप्ता रहे। डॉ. गीता गुप्ता व डॉ. रेखा सैन (प्रभारी, महिला प्रकोष्ठ) और पूजा की देख रेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीमती कमल टंडन, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. इनायत, डॉ. पूजा सैनी, डॉ. शिल्पा गोयल और मनमोहन सिंगला के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अग्रवाल महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023 मनाया गया




**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** वीरवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के वाई.आर.सी, आर.आर.सी और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में मास्टरिंग द माईंडफुल मील पर एक विशेषज्ञ वार्ता आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 मनाया गया। डॉ. प्रेरणा सिंह (पोषण विशेषज्ञ, एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल) मुख्य वक्ता रहीं। डॉ. जयपाल सिंह (विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग और कार्यक्रम के संयोजक) ने वक्ता का स्वागत किया और उन्होंने छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के महत्व के बारे में भी बताया।

डॉ. प्रेरणा सिंह ने बताया कि छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए स्वस्थ और अनुकूल खाने के तरीके अपनाने चाहिए। विकास और स्वास्थ्य के लिए उचित पोषण की आवश्यकता होती है, इसलिए हमें पर्याप्त प्रोटीन और विटामिन खाना चाहिए। सत्र के दौरान, उन्होंने स्वस्थ जीवन जीने में व्यायाम के महत्व पर भी चर्चा की।

व्याख्यान के बाद छात्रों ने प्रश्न पूछकर मुख्य वक्ता के सामने अपनी जिज्ञासा रखी और उपस्थित लोगों ने बड़ी प्रसन्नता से उनका उत्तर दिया। उसके बाद, श्रीमती पूजा (सदस्य सेंट जॉन ऐम्ब्युलन्स ब्रिगेड और काउंसलर वाई.आर.सी) ने डॉ. प्रेरणा को पौष्टिक भोजन के बारे में इस तरह के जानकारी और रोचक व्याख्यान देने के लिए धन्यवाद किया। इस व्याख्यान से कुल 110 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में सुश्री पूजा, सुश्री प्रिया अरोड़ा, श्री सुभाष एवं सुश्री नेहा गोयल सहित वाई.आर.सी., आर.आर.सी. और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सभी सदस्य उपस्थित थे।



# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में निःशुल्क थैलेसीमिया जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** मंगलवार को अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में महाविद्यालय की यूथ रैड क्रॉस इकाइयों के द्वारा थैलासीमिक्स इंडिया दिल्ली, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी केंद्रीय शाखा नई दिल्ली व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया, फरीदाबाद इंडिया के सहयोग से निःशुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी का इस तरह के शिविरों के आयोजन की पीछे जो उद्देश्य है व सभी को स्वस्थ रखना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मसतिष्क का वास होता है और स्वस्थ विद्यार्थी ही स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते हैं द्य फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के जनरल सेक्रेटरी श्री रविंद्र डुडेजा जी ने सभी को बताया कि अगर थैलेसीमिया कैरियर पुरुष की शादी थैलेसीमिया कैरियर महिला से हो जाए तो उनके बच्चे के थैलेसीमिया ग्रसित होने की संभावना बहुत अधिक होती हैं इसलिए ये शिविर मानव कल्याण के लिए एक वरदान साबित होगा द्य उन्होंने बताया की थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को हर 15 से 20 दिनों में खून चढ़ाया जाता है और अब से पहले जागरूकता के अभाव के कारण ऐसे बच्चों की 10 से 12 वर्ष की उम्र में ही मृत्यु हो जाती थी द्य थैलेसीमिया की जांच व जागरूकता ऐसे बच्चों के जन्म को रोकने में मदद करती है द्य शिविर के आयोजन में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान श्री हरीश रतरा, मेंबर श्री जे.के. भाटिया व कोषाध्यक्ष श्री नीरज कुकरेजा जी का भी सहयोग रहा द्य शिविर में विशेष सहयोग करने वाले स्वयंसेवकों को शिवालिक सी एस आर फाउंडेशन के द्वारा टी-शर्ट वितरित की गईं द्य गौरतलब है कि शिविर में 153 विद्यार्थियों ने जांच कराई द्य शिविर का आयोजन प्राचार्य जी की सद्प्रेरणा से हुआ व इसमें महाविद्यालय के यूथ रैड क्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर श्रीमती पूजा, श्री सुभाष कैलोरिया व श्री लवकेश की विशेष भूमिका रही।

पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

## अच्छी शिक्षा से विद्यार्थियों का विकास संभव



फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 23 से 29 मार्च 2023 तक चलेगा। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ताजी ने शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों का स्वागत किया व शुभाशीष दिया। प्राचार्य ने शहीद दिवस के अवसर पर देश के ऊपर प्राण न्यौछावर कर देने वाले वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी महान विभूतियों के चित्र हमें हमारी सोच व समझ को परिवर्तित करने के लिए हौंसला प्रदान करती हैं। स्वयंसेवकों से अपेक्षा की कि वे इन सात दिनों में अपने अंदर एक महान परिवर्तन लेकर आएंगे। जो उनके जीवन को संवारने में मदद करेगा। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मोटो मैं नहीं बल्कि आप के बजाय मैं नहीं बल्कि हम की सोच को विकसित करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के मन में कभी भी नकारात्मकता नहीं आनी चाहिए और उन्हें समग्र विकास के लिए सदैव अग्रसर रहना चाहिए। छात्र जीवन में अनुशासन को सफलता व राष्ट्रीय सेवा योजना के मोटो को प्राप्त करने का मूल मंत्र बताया, प्राचार्य ने विश्वविद्यालय स्तरीय शिविर (फॉर बॉयज) की जिम्मेदारी सौंपने के लिए राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय, पंचकूला व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का विशेष आभार प्रकट किया। शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला ने भी स्वागत भाषण में स्वयंसेवकों को दूसरों के लिए जीने के लिए प्रेरित किया।

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में चल रहा विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) के तीसरे दिन शिविर की शुरूआत योग से हुई। शिविर की थीम भारतीय युवा: चरित्र, व्यक्तित्व एवम स्वावलंबन है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत का मकसद योग से शिविर की शुरुआत कराने का पीछे सभी स्वयंसेवकों को पूरे दिन सतर्क रखना है ताकि स्वयंसेवक सभी गतिविधियों में भाग ले सकें। प्रात: काल के मुख्य वक्ता एसके अग्रवाल (जीजी ग्रुप और एक्टिव रोटेरियन) ने वैश्विक तापन व पर्यावरण संबंधित अन्य संवेदनशील मुद्दों पर स्वयंसेवकों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हम अपनी दैनिक दिनचर्या से अपने पर्यावरण की दुर्दशा करते जा रहे हैं और हमारे पृथ्वी के वायुमंडल का औसतन तापमान 4.5 डिग्री सेलसियस से 5 डिग्री सेलसियस तक बढ़ चुका है। हमें जीवन तत्वों यानी जल, वायु व मृदा का संरक्षण करना जरूरी है क्योंकि अगर इन तत्वों में हानिकारक बदलाव हुआ तो हमारे जीवन अत्यंत भयावह हो जाएगा। इसके लिए हमें स्वयं को तो सजग होना ही पड़ेगा साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना पड़ेगा और अंत में उन्होंने सभी को पांच वृक्ष लगाने व उनका ध्यान रखने की शपथ भी दिलाई। डॉ. सुप्रिया ढांडा जीने कहा कि केवल वृक्ष लगाना और उनके साथ सेल्फी लेना ही वृक्षारोपण नहीं है बल्कि उन पेड़ों के पूर्ण होने तक उसका ध्यान रखना हीवृक्षारोपण है। आज ही के दिन पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण व मृदा संरक्षण आदि विषयों पर रैली का आयोजन भी किया गयाद्ध सायंकाल सत्र के मुख्य वक्ता रणवीर सिंह गुलिया (भूतपूर्व प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, राष्ट्रीय अवॉर्डी) ने बताया कि कैसे एक स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना को अपने जीवन को सफल बनाने में प्रयोग कर सकता है व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकहोने के नाते समाज के प्रति उसकी क्या जिम्मेदारियां व कर्तव्य हैं और कैसे समाज कल्याण केलिएउनका निर्वहन करना चाहिए विषय पर अपना संबोधन दिया द्ध महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, केवर्तमान राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रोफ डॉ. राजकुमार ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि अनुशासन व समयबद्धता ही सफलता की कुंजी है और जहां राष्ट्रीय सेवा योजना का नाम आता है अनुशासन अपने आप ही साथ जुड़ जाता है। गौरतलब है कि शिविर में 10 महाविद्यालयों के 133 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने शिविर के कुशल संचालन के लिए शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभना गोयल, सुभाष कैलोरिया, लवकेश, मनमोहन सिंगला व शिविर से जुड़े सभी गैर शिक्षक वर्ग को बधाई दी।

पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

## कॉलेज में चल रहा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर



शिविर में रैली को हरी झंडी दिखाते कॉलेज प्राचार्य डॉ. केके गुप्ता

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय में गत 23 मार्च से चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत योग से की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता चाहते हैं कि शिविर की थीम भारतीय युवा: चरित्र, व्यक्तित्व एवम स्वाबलंबन को सार्थक बनाने के लिए सभी गतिविधियां की जाएं। स्वयंसेवकों के मध्य अंतर महाविद्यालय एकल गान व एकल नृत्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। शिविर में स्वयंसेवकों के बीच कई खेलकूद प्रतियोगिताएं भी हुईं जिनका मुख्य लक्ष्य स्वयंसेवकों में बौद्धिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास करना है। नशामुक्ति विषय पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व रैली का भी आयोजन किया गया ताकि समाज से नशा जैसी भयानक बुराई को भगाया जा सके।

www.gurgaontoday.in
गुड़गांव टुडे

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन



गुड़गांव टुडे/कृष्ण कौशिक

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में गत 23 मार्च 2023 से चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सातवें में अंतिम दिन भी स्वयंसेवकों ने शिविर की शुरुआत योग से की। शिविर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी की प्रेरणा से शिविर की थीम भारतीय युवा = चरित्र, व्यक्तित्व, एवं स्वावलंबन को सत्य व सार्थक बनाने के लिए सभी गतिविधियां कराई गईं। आज शिविर में खेलकूद की 800 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़ व शॉट पुट की स्पर्धाओं का आयोजन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ0 जगबीर सिंह व श्री मोहित हुड्डा द्वारा कराया गया जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपना दम दिखाया। समापन व पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार गुप्ता (मुख्य प्रबंध निदेशक, गोल्डन ग्रुप ऑफ़ कंपनीज, जनहितैषी, प्रेरक वक्ता व व्यवसाय गुरु) ने अपने वक्तव्य में सर्वप्रथम गुरुओं को नमन किया क्योंकि गुरु ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाते हैं, और स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे कभी महिलाओं के खिलाफ अत्याचार नहीं होने दें।

# GUEST LECTURE AT A SPREE

## कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन



बल्लभगढ़, 08 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। बुधवार को अग्रवाल महाविद्यालय में उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता पर एक कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरूआत प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के भाषण से हुई। उन्होंने बताया महाविद्यालय में एसडीजी क्लब की स्थापना 2022 में की गई थी। जिसमें समय-समय पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उन्होंने बताया उद्यमिता के माध्यम से केवल पैसा ही नहीं कमाया जा सकता बल्कि ख्याति कमाई जा सकती है। उन्होंने Will और Goodwill के अंतर को बताते हुए उनकी महत्वता के बारे मे बताया।

उन्होंने बताया कि will के द्वारा कैसे Goodwill कमाई जा सकती है और हर किसी को goodwill कमा कर समाज के लिए काम करना चाहिए' इस सत्र के मुख्य वक्ता अनित गुप्ता निदेशक (एआरसी गुरुग्राम) ने अपना व्याख्यान रोचक और आकर्षक तरीके से विद्यार्थियों के साथ से साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपने, उनके उद्देश्य और उनकी रूचि आदि के बारे में पूछा जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ अगर काम किया जाएगा तो वह अवश्य सफल होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समस्या नहीं समाधान के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय मे एआरसी फाउंडेशन द्वारा जो सर्टिफिकेट कोर्स, महाविद्यालय में शुरू किया जा रहा है जिसका विषय सामाजिक उद्यमिता के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। इस कोर्स में 40 विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता और समाज कल्याण के कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। प्रबंधन विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने बीबीए और बीबीए सीएएम के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए बिजनेस रिसर्च मेथोडोलॉजी विषय में बेसिक्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी फॉर रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग एंड हाउ टू प्रिपेयर रिसर्च डिजाइन पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में इस तरह के आयोजन करता रहता है। दिन के वक्ता डॉ. सुमन गर्ग, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग की डीन डॉ. शिल्पा गोयल ने अतिथि को पुष्प भेंट कर स्वागत भाषण दिया। विंग-3 के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने इस तरह के सत्र आयोजित करने की प्रासंगिकता के बारे में बात की और व्यवसाय की सफलता के लिए डेटा संग्रह और विश्लेषण और पूर्वानुमान में अनुसंधान पद्धति के अध्ययन के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. सुमन ने अपने व्याख्यान में शुरुआत में अनुसंधान की बुनियादी अवधारणाओं पर ध्यान केंद्रित किया और फिर विभिन्न शोध डिजाइनों और शोध रिपोर्ट को कैसे तैयार किया जाए, इस पर चर्चा की सत्र वास्तव में बहुत दिलचस्प था क्योंकि छात्रों को आज के युग में शोध पद्धति के महत्व के बारे में पता चला। अनुसंधान प्रबंधकों के ज्ञान आधार का विस्तार करके व्यवसाय की विश्वसनीयता का निर्माण करता है। यह जिज्ञासा और नए विचारों के परिचय को प्रोत्साहित करके समस्या समाधान में मदद करता है। व्याख्यान बहुत ही संवादात्मक था क्योंकि वक्ता ने छात्रों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया। छात्रों ने सत्र का आनंद लिया और इससे बहुत कुछ सीखा। व्याख्यान में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। सत्र धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ और श्रीमती प्रियम गुप्ता द्वारा संचालित किया गया।

जनतंत्र टुडे

☰ HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › Uncategorized › अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

Uncategorized

## अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

By Jantantratoday February 20, 2023 4 0











VOL. XIII| ISSUE 80 | Wednesday 08 February 2023 || New Delhi |Pages 12 |Rs 1.00

THE IMPRESSIVE TIMES

Published from Delhi & Haryana www.impressivetimes.com National Daily

03 YOUTH ON SCIENCE, TECHNOLOGY AND INNOVATION SECTOR: DR. JITENDRA | ADDITIONAL ROOMS WILL BE BUILT IN GOVERNMENT HIGH SCHOOL : BHAGHEL 07 | VENKATESH PRASAD SHUTS JAVED MIANDAD FOR 'INDIA CAN GO TO 10

## Aggarwal College organized an Extension Lecture on "Basics of Research Methodology for Research Report Writing and How to prepare Research design"

Sanjay Kumar
info@impressivetimes.com



DR. SANJEEV GUPTA, INCHARGE, WING III, TALKED ABOUT THE RELEVANCE OF CONDUCTING SUCH SESSIONS AND FOCUSED ON THE IMPORTANCE OF STUDY OF RESEARCH METHODOLOGY IN DATA COLLECTION AND ANALYSIS AND FORECASTING FOR THE SUCCESS OF BUSINESS.

**BALLABGARH :** Department of Management, Aggarwal College Ballabgarh organized an Extension Lecture on "Basics of Research Methodology for Research Report Writing and How to prepare Research design" in the subject of Business Research Methodology for the IV Semester students of BBA and BBA CAM. The college keeps conducting such events under the able guidance of Principal Dr. Krishan Kant. The speaker of the day was Dr. Suman Garg, Assistant Professor, Department of Commerce, DAV Centenary College, Faridabad. In the beginning of the program Dr. Shilpa Goel, Dean of the Department presented the flowers to the guest and delivered the welcome speech. Dr. Sanjeev Gupta, Incharge, Wing III, talked about the relevance of conducting such sessions and focused on the importance of study of Research Methodology in data collection and analysis and forecasting for the success of business. Dr. Suman in her lecture initially focused on the basic concepts of Research and then led the discussion towards the various Research Designs and How to prepare the Research Report. The session was indeed very interesting as students came to know about the importance of Research Methodology in today's era. Research builds the credibility of business by expanding the knowledge base of managers. It helps in problem solving by encouraging curiosity and introduction to new ideas. The lecture was very interactive as the speaker answered various queries raised by the students. The students enjoyed the session and learnt a lot out of it. The lecture was attended by around 100 students. The session ended with a vote of thanks and was coordinated by Mrs. Priyam Gupta.

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय में नैनो टेक्नोलॉजी पर व्याख्यान का आयोजन किया गया

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय में नैनो टेक्नोलॉजी पर व्याख्यान का आयोजन किया गया

By Shreyash Panchal February 9, 2023 5 0

8 फरीदाबाद

फरीदाबाद, शुक्रवार 10 फरवरी, 2023

**संक्षिप्त समाचार**

## नैनो टेक्नोलॉजी पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

बल्लभगढ़, 09 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। वीरवार को भौतिकी विभाग, अग्रवाल कॉलिज की प्रयोगशाला में नैनो टेक्नोलॉजी में नवीन उन्नति विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम



प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद कुमार, भौतिकी विभाग, जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाई एम सीए, फरीदाबाद है। डॉ. देवेंद्र ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्पीकर डॉ. प्रमोद कुमार का परिचय सभी से कराया। डॉ. प्रमोद कुमार ने नैनो प्रौद्योगिकी की हालिया प्रगति पर व्याख्यान दिया है। उन्होंने छात्रों को बल्क और नैनो कणों के बीच के अंतर को समझाया और नैनो कणों के संश्लेषण और लक्षण वर्णन के विभिन्न तरीकों पर भी प्रकाश डाला। श्री रविन्द्र जैन, डॉ. ए.एस. यादव एवं डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। आधुनिक तकनीक पर आधारित इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रेरित करते है।




जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › Corrosion and Its Mitigation with Sustainable Approach" विषय पर एक अतिथि...

हरियाणा ncr

## Corrosion and Its Mitigation with Sustainable Approach" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान

By Jantantratoday February 24, 2023 2 0




अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग ने 23 फरवरी 2023 को डॉ बिंदू मंगला, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा "**Corrosionand Its Mitigation with Sustainable Approach**" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन बायो लैब में किया है। यह व्याख्यान प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. मीनू अग्रवाल ने अतिथि का स्वागत किया और आमंत्रित वक्ता का छात्रों से परिचय कराया। संसाधन व्यक्ति ने सामग्री वैज्ञानिक के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता के रूप में धातु के क्षरण पर जोर दिया। सामग्रियों की सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए उद्योगों में संक्षारण रोकथाम का उपयोग किया जाता है। एमएससी (पी) रसायन विज्ञान और बीएससी- III रसायन विज्ञान (**ऑनर्स**) के लगभग 50 छात्रने व्याख्यान में सक्रिय रूप से भाग लिया और इस कार्य के क्षेत्र में अपनी गहरी रुचि दिखाई। रिसोर्स पर्सन ने छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए अपने विश्वविद्यालय की रसायन विज्ञान प्रयोगशालाओं में आने के लिए आमंत्रित किया।

विभाग की अन्य फैकल्टी सदस्य डॉ. सपना त्यागी, डॉ. अर्चना चौहान, सुश्री गीता राठी, सुश्री मीनाक्षी, सुश्री प्रीति एवं सुश्री गरिमा भी वहाँ उपस्थित थीं। सुश्री मंशी त्यागी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ व्याख्यान समाप्त हुआ।



नेशनल प्रहरी NEWS
निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
-Newspaper -Online Web Portal



## अग्रवाल महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा "यूपीएससी परीक्षा: समस्या और चुनौतियाँ" विषय पर व्याख्यान का आयोजन

By **Poonam Sagar** - February 8, 2023   106   0

# अग्रवाल महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा यूपीएससी परीक्षा: समस्या और चुनौतियां विषय पर व्याख्यान का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** बुधवार को हिंदी विभाग, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़, फरीदाबाद (हरियाणा) के तत्वाधान में आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान जिसका विषय यूपीएससी परीक्षा: समस्या और चुनौतियाँ था। बतौर वक्ता डॉ. प्रीति हुड्डा (आईआरएस) हमारे बीच उपस्थित रहीं।




प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने अतिथि का स्वागत किया और अपने उद्घाटन वक्तव्य में उन्होंने शीर्षक की सार्थकता पर बात करते हुए यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को इस परीक्षा की चुनौतियों के बारे में अवगत कराया साथ ही यह भी बताया कि यूपीएससी हर बच्चा का सपना होना चाहिए। इसके बाद मुख्य वक्ता डॉ. प्रीति हुड्डा (आईआरएस) ने अपने वक्तव्य में छात्र-छात्राओं को सिविल सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम पर विस्तृत चर्चा करने के उपरांत उन्होंने इस परीक्षा के समक्ष आने वाली चुनौतियों को बताया। मसलन, आप वैकल्पिक विषय का चयन कैसे करते हैं, उसका आधार क्या होना चाहिए। इसके बाद उन्होंने अपने निजी अनुभवों को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। जब वह यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थीं तो उनके सामने कौन-कौन सी समस्याएं आईं और उन्होंने उसका समाधान कैसे किया। अपने वक्तव्य के अंत में छात्र-छात्राओं ने मुख्य वक्ता से प्रश्न किए और वक्ता ने बहुत ही सहजता से उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। इस व्याख्यान के सफल आयोजन में डॉ. अशोक कुमार, डॉ. रेणु माहेश्वरी और डॉ. सुबोध ठाकुर का सहयोग रहा। वहीं तकनीकी समस्या के निवारण हेतु विनीत नागपाल और अश्वनी ने मदद की।

# आधुनिक साहित्य में मूल्य बोध विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** मंगलवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक साहित्य में मूल्य बोध विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में अनेका नेक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। संभाग तृतीय के प्रभारी डॉ० संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में यह व्याख्यान आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० प्रतिभा चौहान (हिंदी विभागाध्यक्षा पंडित जवाहर लाल नेहरू गवर्नमेंट महाविद्यालय फरीदाबाद) उपस्थित रहीं। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ० रेनू माहेश्वरी ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ द्वारा अभिवादन कर उन्हें आमंत्रित किया। अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि डॉ० प्रतिभा चौहान ने सर्वप्रथम मूल्यों के विस्तृत परिभाषा पर प्रकाश डालते हुए साहित्य की विभिन्न गद्यविधाओं में मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त उन्होंने आधुनिक साहित्यकारों के साहित्य की विशेषताओं को बताते हुए भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में मानवीय और नैतिक मूल्य पर विस्तृत चर्चा करी। इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर के 55 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता करी और प्रश्नों के माध्यम से अपने जिज्ञासाओं का समाधान किया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ० रेणु माहेश्वरी एवं हिंदी सहायक प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला के प्रयासों से यह अतिथि व्याख्यान सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।



# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूपुरा में डॉ. पूजा सैनी द्वारा दिया गया व्याख्यान

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** शुक्रवार को सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के एनसीसी अधिकारी व संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डॉ० पूजा सैनी द्वारा अडॉप्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान विद्यालय के दसवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हुआ।




व्याख्यान विषय: स्कूल के उपरांत महाविद्यालय में प्रवेश एनसीसी के बारे में जागरूक करना था। डॉ. पूजा सैनी ने अपने वक्तव्य में बताया की स्कूली शिक्षा के उपरांत जब आप महाविद्यालय में प्रवेश करोगे तो कुछ मुख्य बातों का आपको ध्यान रखना है। सर्वप्रथम एक उच्च व आदर्श महाविद्यालय का चयन तदुपरांत अपने लक्ष्य को साकार करने हेतु उचित विषयों का चयन करना साथ ही साथ महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराया। महाविद्यालय में प्रवेश के उपरांत आप अनेक सामाजिक दायित्व का निर्वहन भी कर सकते हैं जो कि आपको एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी के अंतर्गत करने होंगे। साथ ही अग्रवाल महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट सिमरन ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को एनसीसी का लक्ष्य और उद्देश्य बताकर एनसीसी की तरह उनका ध्यान आकर्षित किया व अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता डॉ० पूजा सैनी ने व्याख्यापूर्ण विवरण दिया।राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, की कॉमर्स विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी ने अंत में डॉ० पूजा सैनी का इस प्रेरक व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया।



नेशनल प्रहरी NEWS
निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
-Newspaper -Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद – एन सी आर



## अग्रवाल महाविद्यालय में "स्वस्थ युवा और स्वस्थ भारत" पर स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन

By **Poonam Sagar** - March 15, 2023   250   0

# स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत, स्वस्थ ब्रह्मांड



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में एनएसएस और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में स्वस्थ युवा और स्वस्थ भारत पर स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया इस कार्यशाला के संयुक्त आयोजक यूथ विंग (आरएआरएफ) और ब्रह्मकुमारी हेड ऑफिस माउंट आबू थे। प्राचार्य जी ने अपने संभाषण में ब्रह्माकुमारीज को ईश्वरीय अभिव्यक्ति का साधन बताया और कहा कि खुली आंखों से योग की पद्धति अर्थात राजयोग को ब्रह्माकुमारीज से सीखा जा सकता है । मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी प्रिया ने अपने वक्तव्य में मानसिकस्थिरता और एकाग्रता पर युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि युवा भोजन, योग और थैरेपी के जानकार एवं वाहक बनें और स्वस्थ रहकर जीवन में आगे बढ़ें और समाज में भी इस विचार को आगे बढ़ाएं। आत्मा को परमात्मा से मिलने के लिए किसी बिचौलिए की नहीं बल्कि श्रद्धा, भाव और समर्पण की जरूरत है व अगर आप नियमित रूप से मेडिटेशन करते हैं, तो निश्चित रूप से आप आध्यात्मिक रूप से काफी स्वस्थ होंगे। उन्होंने अपने भाषण में बताया कि मेडिटेशन तनाव को कम करता है और दिमाग को शांत रखता है ।मेडिटेशन करने से हमें खुद के बारे में सही-गलत का पता चलता है, यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। मेडिटेशन एक ऐसा तरीका है जिससे हम बाहरी दुनियां की अशांति से दूर होकर अपने मन के अंदर शांति ढूंढ सकते हैं।

साथ ही हमें आध्यात्मिक स्वास्थ्य के बारे में बताया जिस वक्तव्य में उन्होंने अध्यात्मिक स्वास्थ्य के बारे में रोचक जानकारियां दी जैसे आध्यात्मिक स्वास्थ्य पाने के लिए आपको बहुत खास या अलग चीज नहीं करनी, बल्कि सिर्फ अपने दिल की सुननी होगी। ऐसे कई लोग हमें कहीं न कहीं मिल ही जाते हैं जो आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ होते हैं। उस वक्त आप केवल उस ईसान के आसपास होने से ही अच्छा व सकारात्मक महसूस करने लगते हैं। बीज वक्तव्य के पश्चात एक पैनल वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें बीके ज्योति बहन, भाई ज्योति, बीके पूजा, भाई हरि कृष्ण जी ने युवाओं की जिज्ञासाओं का बड़ी सरल भाषा में निवारण किया । प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ० शोभना गोयल को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ० डिंपल द्वारा किया गया। लगभग 180 विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

# CONFERENCES/SEMINARS/WORKSHOPS/FDPs

जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time
Experience the change!

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में "एनईपी 2020: रिसर्च फॉर रिसर्जेंस (फ्रेमवर्क फॉर एक्शन)"...

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में "एनईपी 2020: रिसर्च फॉर रिसर्जेंस (फ्रेमवर्क फॉर एक्शन)" पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में आयोजित हुई

By Shreyash Panchal January 13, 2023

### एनईपी 2020: रिसर्च फॉर रिसर्जेंस पर कार्यशाला आयोजित

बल्लभगढ़, 13 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, अग्रवाल महाविद्यालय ने शुक्रवार को एनईपी 2020: रिसर्च फॉर रिसर्जेंस (फ्रेमवर्क फॉर एक्शन) पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला ब्लेंडिड मोड में आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. आशीष देवलिया, प्रशासनिक अधिकारी, आईसीएसएसआर ने एनईपी और इसकी व्यावहारिक प्रयोज्यता के बारे में बहुत गहराई से बात की।



अग्रवाल कालेज में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता आशीष देवलिया को सम्मानित करते प्राचार्य के.के.गुप्ता।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

उन्होंने एनईपी के विभिन्न मापदंडों और पिछली शैक्षिक नीतियों से इसके अलग होने के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समकालीन समय में शिक्षा 4.0 की अवधारणा और इसके अनुसार एनईपी को कैसे डिजाइन किया गया है, इस पर भी विस्तार से बताया। उन्होंने शोध को आगे बढ़ाने, आईसीएसएसआर द्वारा प्रदान किए गए अनुसंधान के अवसर, सरकार द्वारा विस्तृत वित्त पोषण, प्रस्ताव कैसे लिखा जाए, थीसिस, शोध का प्रकाशन इत्यादि के बारे में व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान किया। उन्होंने आईसीएसएसआर और अनुसंधान प्रस्तावों के कई कार्यक्रमों पर भी काफी स्पष्टता दी। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने एनईपी में अनुसंधान के स्तंभ पर ज्ञान प्रदान किया, जिसमें उन्होंने एमईआरयू के बारे में चर्चा की। एमईआरयू: एक बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय समग्र और बहु-विषयक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रस्तावित मॉडल है। उन्होंने यह भी कहा कि समकालीन समय में अनुसंधान क्यों महत्वपूर्ण है और इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे अनुसंधान से स्वयं और समाज के ज्ञान को बढ़ावा दिया जा सकता है। प्रो एस.के. शर्मा, पूर्व प्रधान पुस्तकालय और सूचना अधिकारी, यूजीसी, नई दिल्ली ने अनुसंधान बाधा विकास में अनुसंधान और नकारात्मक प्रवृत्तियों पर बात की। उन्होंने विस्तार से चर्चा की कि कैसे एनईपी, 2020 को अनुसंधान को आगे बढ़ाने और शिक्षण और ज्ञान के परिदृश्य को बदलने के लिए एक मजबूत नींव स्थापित करने के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने विभिन्न नकारात्मक सिद्धांतों का उल्लेख किया जो समर्पित अनुसंधान को आगे बढ़ने से रोकते हैं और सभी को अनुसंधान के सकारात्मक कदमों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में 54 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और 82 प्रतिभागियों ने भौतिक मोड से भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य हितधारकों को अद्यतन रखने के लिए समय-समय पर इस तरह की सूचनात्मक कार्यशालाओं, सम्मेलनों का आयोजन कराते रहते हैं।



जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time
Experience the change!

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

By Shreyash Panchal January 16, 2023

### अग्रवाल महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ। आज अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था- उपभोक्ता अधिकार और जिम्मेदारियां। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के निर्देशन व मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभना गोयल, डॉ. डिंपल व श्रीमती पूजा ने मुख्य वक्ता श्री प्रदीप बंसल जी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। सीए प्रदीप बंसल ने उपभोक्ता अधिकार और जिम्मेदारियां विषय पर अपने विचार छात्रों के साथ सांझा किए। मुख्य वक्ता ने बताया कि सुरक्षा के अधिकार के अंतर्गत वस्तु की मैन्युफैक्चरिंग के बारे में जानने का हमें पूरा अधिकार है कि वस्तु सही प्रकार से मैन्युफैक्चरर की गई है कि नहीं, वस्तु को बनाने में सही चीजों का प्रयोग किया गया है या नहीं, आपको इसकी गारंटी और गुणवत्ता चिन्ह और प्रमाण पत्र सहित उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में पूछने का अधिकार है। मुख्य वक्ता ने राइट टू एजुकेशन के साथ-साथ राइट टू सर्विस एक्ट, एमआरपी, एक्सपायरी डेट, फूड सेफ्टी ऑफिसर की महत्ता के बारे में भी बताया। उन्होंने उत्पाद की मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और माल की कीमत के अलावा उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में भी अपने विचार साझा किए। कार्यशाला का आयोजन डॉ. डिंपल एवं सुश्री पूजा के अथक प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यशाला में वाणिज्य विभाग के शिक्षक सुश्री प्रीति अग्रवाल, श्री पंकज और सुश्री प्रियंका भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में मंच संचालन डॉ. डिंपल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती पूजा द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में वाणिज्य विभाग के 77 बच्चों ने भाग लिया। प्राचार्य जी ने सभी सदस्यगण को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
-Newspaper -Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद - एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में "मैनेजिंग वर्क लाइफ बैलेंस" पर एक दिवसीय कार्यशाला...

ताजा बल्लभगढ़ शिक्षा

## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में "मैनेजिंग वर्क लाइफ बैलेंस" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

By Poonam Sagar - January 3, 2023 106 0

### "मैनेजिंग वर्क लाइफ बैलेंस" पर कार्यशाला का आयोजन

बल्लभगढ़, 03 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कालेज के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा मंगलवार को नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए "मैनेजिंग वर्क लाइफ बैलेंस" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस एफ डी पी का उद्देश्य व्यक्ति के जागरूकता के स्तर में सुधार करना और एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां हर कोई कार्य के लिए समर्पित हो।



अग्रवाल कालेज में आयोजित सेमीनार में व्याख्यान देते अतिथिगण।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

कार्यशाला का शुभारम्भ कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण के साथ किया। उन्होंने कहा कि कार्य-जीवन संतुलन, संतुलन की वह स्थिति है जहां एक व्यक्ति अपने करियर की मांगों और व्यक्तिगत जीवन की मांगों को समान रूप से प्राथमिकता देता है।

काम पर बढ़ती जिम्मेदारियाँ, लंबे समय तक काम करना, घर पर जिम्मेदारियाँ बढ़ाना आदि। खराब कार्य-जीवन संतुलन की ओर ले जाने वाले कुछ सामान्य कारणों में शामिल हैः इस एफ डी पी का आयोजन प्रभारी डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्ग दर्शन में किया गया था। डॉ. गुप्ता ने कहा कि कार्य-जीवन संतुलन आपके दिन के घंटों को काम और व्यक्तिगत जीवन के बीच समान रूप से विभाजित करने के बारे में कम है और इसके बजाय, अपने पेशेवर जीवन में चीजों को पूरा करने के लिए लचीलेपन के बारे में अधिक है कुछ दिन ऐसे भी हो सकते है जहाँ आप अधिक समय तक काम करते हैं इसलिए आपके पास सप्ताह में बाद में अन्य गतिविधियों का आनंद लेने के लिए समय होगा। कार्यक्रम का समापन डॉ सचिन गर्ग द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि इस प्रकार की कार्यशाला समय-समय पर कॉलिज में आयोजित की जाएगी ताकि गैरशिक्षण कर्मचारी अपने पेशेवर जीवन और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ अपने ज्ञान को बढ़ा सकें और नई तकनीकों से अवगत हो सकें।

नेशनल प्रहरी NEWS

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

By Poonam Sagar - January 14, 2023

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो



बल्लभगढ़। शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के अंग्रेजी विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, प्राचार्य, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ रहे। अपने संबोधन में उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर हार्दिक बधाई दीद्य उन्होंने संकाय सदस्यों को बौद्धिक संपदा अधिकारों की प्रासंगिकता से अवगत कराया और इसे समकालीन समय में समझने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इंटिलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) की तीन शर्तों पर ध्यान केंद्रित किया और बताया कि शिक्षाविदों और छात्रों के लिए इसका अत्यधिक महत्व क्यों है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अरविनी सिवाल, सहायक प्रोफेसर विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय और बौद्धिक संपदा अधिकारों के विशेषज्ञ रहे। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकारों और इसकी वैधता पर बात की। उन्होंने इस विषय पर प्रकाश डाला कि संस्थान को बौद्धिक संपदा अधिकारों का प्रबंधन कैसे करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से विभिन्न प्रकार की बौद्धिक संपदा और वास्तविक परिदृश्य में उनके आवेदन का वर्णन किया। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकारों और सात अन्य संबंधित विषयों जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, व्यापार रहस्य आदि के अर्थ में अधिक अंतर्दृष्टि और स्पष्टता देने के लिए कई व्यावहारिक उदाहरण दिए। आईपीआर की ऐतिहासिक उत्पत्ति पर भी चर्चा की गई। ऑडियंस के प्रश्नों व उनके जवाब के साथ सत्र का समापन हुआ। कार्यशाला में फिजिकल मोड में 55 प्रतिभागियों और ऑनलाइन मोड में 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य, डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में अंग्रेजी विभाग द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यशालामें विभागाध्यक्षा अंग्रेजी श्रीमती कमल टंडन, संयोजक डॉ. सारिका कांजलिया, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. इनायत चौधरी, श्री सुभाष कैलोरिया, डॉ. दीप्ति गोयल, मैडम विजया और मैडम शैली नेमहत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ इस तरह की कार्यशालाओं का समय-समय पर आयोजन करता रहता है।

जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time
Experience the change!

# अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन

By Shreyash Panchal January 21, 2023

## अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने किया सेमिनार का आयोजन

आज समाज नेटवर्क



बल्लभगढ़। यहां स्थित अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से हुआ। सेमिनार का विषय शोध पत्र लेखन कला रहा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉश रश्मि अग्रवाल, (प्रोफेसर, कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद) ने बेहद ज्ञानवर्धक व सारगर्भित वक्तव्य दिया। इस सेमिनार में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के अनेक छात्र-छात्राओं और आभासी माध्यम से भी अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेमिनार का आरंभ सरस्वती वन्दना और डॉ रश्मि के औपचारिक स्वागत से हुआ। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए, शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात इतिहास विभागाध्यक्ष व सेमिनार के संयोजक डॉ जयपाल सिंह ने विद्यार्थियों को मुख्य वक्ता डॉ रश्मि अग्रवाल का संक्षेप परिचय दिया। मुख्य वक्ता डॉश रश्मि अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शोध पत्र लेखन के क्रम में तथ्य एवं विचारों के अन्तर को ध्यान में रखना होता है। तथ्य को हम सत्य की तरह स्वीकार कर लेते हैं, इन्हें सिद्ध करने के लिए प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती है। शोध प्रपत्र में अनेक विचारधाराओं तथा निरीक्षणों को प्रस्तुत किया जाता है, इसमें किसी प्रकार की आशंका होने पर पुष्टि की जा सकती है। डॉ रश्मि ने शोध पत्र लिखने के छह सरल चरण बताते हुए कहा कि सर्वप्रथम शोध लेख लिखने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए अपने विषय पर शोध कीजिए। विषय का विशेषज्ञ बनने के लिए इंटरनेट, शैक्षिक डेटाबेस और पुस्तकालय का उपयोग करके तथ्यों को जुटाइये और शॉर्ट नोट्स लीजिये। उस विषय में खुद को तल्लीन कर लीजिए और एक निश्चित क्रम से आगे बढ़ते जाइए। अंत में विद्यार्थियों ने सेमिनार के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, सभी जिज्ञासाओं का मुख्य वक्ता ने समाधान किया। सेमिनार की संयोजक सचिव और इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुप्रिया ढांडा ने मंच संचालन किया। सेमिनार मुख्य वक्ता के धन्यवाद ज्ञापन और कल्याण मंत्र के उच्चारण से समाप्त हुआ। इस सेमिनार में कुल 106 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

नेशनल प्रहरी NEWS

# "लैंगिक संवेदनशीलता तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव" के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

By Poonam Sagar - January 10, 2023

VOL. XIII | ISSUE 52 | Wednesday 11 January 2023 | New Delhi | Pages 12 | Rs 1.00
THE IMPRESSIVE TIMES
Published from Delhi & Haryana · www.impressivetimes.com · National Daily

## Aggarwal college organzed one day workshop on "Gender Sensibility and Prevention of Sexual Harassment at Workplace"

Simran Rawat
info@impressivetimes.com



**BALLABGARH:** On 10-01-2023, under the joint auspices of 'Internal Complaints Committee and Women's Cell' and Aditi College (Delhi University), a workshop was organized for the academic and non-teaching department in a mix of virtual and physical form at Aggarwal College, Ballabhgarh. The main theme of which was "Gender Sensitization and Prevention of Sexual Harassment at Workplace". With the good inspiration of Agarwal College Principal Dr. Krishnakant Gupta, many programs are organized for students and lecturers in the college. The main objective of this workshop was to create awareness about sexual harassment at workplace through gender sensitization among men. Dr. Mamta Sharma (Principal, Aditi College, New Delhi) as special guest and Dr. Namita Rajput (Shri Aurobindo College, New Delhi, Ministry of Women and Child Development, Posh Practitioner) as keynote speaker were present on this occasion. At the beginning of the program, College Principal Dr. Krishan Kant Gupta greeted the chief guest and everyone and wished everyone a Happy World Hindi Day and said in the context of this workshop that gender sensitivity is a serious issue and cases of increasing sexual harassment at work places are increasing day by day. Types are increasing, for this it is necessary that women should be aware of their rights. It is more important for the male class to be sensitive about this subject. It is important for thoughts to be beautiful. Welcoming all the guests, Internal Complaints Committee and Program Coordinator, Smt. Kamal Tandon threw light on the purpose of the workshop and highlighted the importance of such awareness programs, emphasizing on the safe and healthy environment in the college.

**PRINCIPAL DR. KRISHAN KANT GUPTA GREETED THE CHIEF GUEST AND EVERYONE AND WISHED EVERYONE A HAPPY WORLD HINDI DAY AND SAID IN THE CONTEXT OF THIS WORKSHOP THAT GENDER SENSITIVITY IS A SERIOUS ISSUE AND CASES OF INCREASING SEXUAL HARASS-**

नेशनल प्रहरी NEWS

# 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' महिला प्रकोष्ठ एवं हरियाणा पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में "बालिका रक्षा एवं सुरक्षा" कार्यशाला का आयोजन

By Poonam Sagar - January 24, 2023

आज समाज
www.aajsamaaj.com
नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 25 जनवरी 2023
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

कार्यक्रम — राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका रक्षा एवं सुरक्षा कार्यशाला का किया आयोजन

## लड़कियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनने पर दिया जोर

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला प्रकोष्ठ एवं हरियाणा पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था बालिका रक्षा एवं सुरक्षा। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने लड़कियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति समाज की चेतना को जगाना है ताकि उसे महत्व दिया जा सके और उसका सम्मान किया जा सके। सुशीला फोगाट, उप-निरीक्षक, महिला पुलिस स्टेशन एनआईटी जोन, ने लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार के विभिन्न अधिनियमों और विनियमों का उल्लेख किया।

उन्होंने पोक्सो और साईबर कानूनों का भी विस्तार से वर्णन किया जिनका उपयोग विपरीत परिस्थितियों में किया जा सकता है। कांस्टेबल जसवंत सिंह ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, दुर्गा शक्ति एप और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। कॉन्स्टेबल चंदर मोहन ने लड़कियों के प्रति समाज के व्यवहार को बदलने, कन्या भ्रूण हत्या को कम करने और लिंग के आधार पर भेदभाव को दूर करने के लिए जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. गीता गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जागरूकता पैदा करने और एक उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना है। डॉ. रेखा सेन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कुल 85 विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया और विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका वक्ताओं द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। महिला प्रकोष्ठ संयोजक समिति डॉ गीता गुप्ता, डॉ. रेखा सैन, डॉ. रेनू माहेश्वरी एवं मोहित हुडा सभी के प्रयासों से यह कार्यशाला सफल एवं सार्थक सिद्ध हुई।




कार्यशाला में सम्मान करते हुए। आज समाज

Vol.10, Issue 1, Jan-March 2023

AGGARWAL COLLEGE BALLABGARH
Estd. 1971

# शोध पद्धति के क्षेत्र में डेटा विश्लेषण और व्याख्या विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो



बल्लभगढ़। सोमवार को प्रबंधन विभाग और भौतिकी विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने शोध पद्धति के क्षेत्र में डेटा विश्लेषण और व्याख्या विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के गतिशील नेतृत्व में महाविद्यालय इस तरह के जागरुकता सत्र आयोजित करता रहता है। संगोष्ठी का आयोजन डॉ. संजीव गुप्ता, विंग-3 के संरक्षण में किया गया। डॉ. शिल्पा गोयल, डीन, प्रबंधन विभाग एवं रवीन्द्र जैन, डीन, भौतिकी विभाग, कार्यक्रम के संयोजक ने पूरे सत्र का समन्वय किया। डी ए वी सैंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद के वाणिज्य विभाग की एच.ओ.डी. डॉ. अर्चना भाटिया दिन की वक्ता थीं। उन्होंने छात्रों को समझाया कि कैसे व्यावसायिक अनुसंधान को डिजाइन, संचालन और मूल्यांकन किया जाए और छात्रों को कई विषयों में विभिन्न प्रकार के अनुसंधान दृष्टिकोणों से अवगत कराया। उसने विभिन्न प्रकार के अनुसंधानों को डिजाइन करने और संचालित करने की प्रक्रियाओं और समस्याओं का भी पता लगाया और विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों और समस्याओं के प्रतिगमन को लागू करके डेटा और व्याख्या का विश्लेषण कैसे किया जाए ताकि छात्र प्रतिगमन विश्लेषण सिद्धांत की एक अनुप्रयोग-निर्देशित समझ प्राप्त कर सकें। सत्र का समापन प्रश्न-उत्तर के दौर के साथ हुआ, जहां छात्रों ने अपने प्रश्न पूछे और शोध में अपनी रुचि दिखाई। सेमिनार में करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सत्र अत्यधिक संवादात्मकथा और कार्यक्रम के उपसंयोजक देवेंद्र द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ। मंच संचालन दीपमाला चौहान ने किया। सेमिनार में डॉ. निशा गिल, सुश्री शिल्पी गुप्ता, सुश्री प्रियम गुप्ता, सुश्री उपासना गेरा सहित प्रबंधन एवं भौतिकी विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › जीने की राह पर 4 दिवसीय कार्यशाला का 22 से 25 ...

हरियाणा ncr हेल्थ

## जीने की राह पर 4 दिवसीय कार्यशाला का 22 से 25 फरवरी तक का आयोजन

By Shreyash Panchal February 22, 2023 7 0



# जीने की राह पर 4 दिवसीय कार्यशाला का 22 से 25 फरवरी तक का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो



बल्लभगढ़। आज समग्र भलाई और आध्यात्मिक कल्याण केंद्र के अंतर्गत अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा, प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में 22-25 फरवरी 2023 तक जीवन जीने की राह पर 4 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला की शुरुआत आज 22 फरवरी 2023 को उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें डॉ विजाता आर्य (योग और प्राकृतिक चिकित्सा चिकित्सक, काया कल्प योग और नेचर क्योर इंस्टीट्यूट) मुख्य वक्ता रहीं। डॉ. विजाता आर्य अपने जीवन के शुरुआती दौर में ही प्राकृतिक चिकित्सा से परिचित हो गई थीं क्योंकि उनके पिता डॉ. बिजेंद्र आर्य प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ थे और उन्हें भीष्म पितामह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसलिए उन्होंने जीवन में बहुत पहले ही सीखना शुरू कर दिया था। वह लंबे समय से लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने योग में मास्टर्स किया है और साथ ही उन्होंने लेवल 1 और लेवल 2 आयुष सर्टिफिकेशन भी पूरा किया है। प्राकृतिक चिकित्सा और योग पर अपनी विशेषज्ञता के साथ, वह लोगों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य का प्रसार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और वह कायाकल्प के माध्यम से यही कर रही हैं।वह इनफर्टिलिटी के इलाज में माहिर हैं। अपनी विशेषज्ञता से, उन्होंने कई लोगों को बांझपन से संबंधित जटिलताओं से छुटकारा पाने में मदद की है।उनके वक्तव्य का विषय था - प्राकृतिक चिकित्सा: संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए एक समग्र विज्ञान। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा पर विस्तार से बात की जो वैकल्पिक चिकित्सा का एक रूप है जो प्राकृतिक उपचार और शरीर की खुद को ठीक करने की क्षमता पर जोर देती है। उन्होंने आगे कहा कि प्राकृतिक चिकित्सक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बीमारी को रोकने के लिए पोषण, हर्बल दवा, एक्यूप्रेशर, और जीवन शैली परामर्श सहित कई प्रकार के तौर-तरीकों का उपयोग करते हैं। उनका उद्देश्य पूरे व्यक्ति का इलाज करना, बीमारी के मूल कारण की पहचान करना और उसका इलाज करना है, और स्वास्थ्य और रोकथाम को बढ़ावा देना। प्राचार्य, डॉ कृष्णकांत ने अपने संबोधन में कहा कि रोगियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे योग्य चिकित्सकों से देखभाल लें और प्राकृतिक चिकित्सा उपचार को पारंपरिक चिकित्सा देखभाल के विकल्प के बजाय पूरक के रूप में मानें। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं का उद्देश्य स्वस्थ रखने के लिए ज्ञान प्रदान करना है और साथ ही साथ कर्मचारियों व छात्रों को उनके जीवन में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए मानसिक उपचार के लिए जागरूक करना है। मुख्य वक्ता, डॉ विजाता आर्य ने उपस्थित 115 प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास दिया और उनके द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दिया। इस कार्यशाला का आयोजन डॉ इनायत चौधरी एवं टीम के समस्त सदस्य, डॉ सारिका, डॉ डिंपल, श्रीमती पूजा, डॉ पूजा सैनी, डॉ विनीत नागपल द्वारा किया जा रहा है।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › Uncategorized › अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर गर्ल सेल' द्वारा एक सेमिनार का...

Uncategorized

## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर गर्ल सेल' द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया

By Jantantratoday February 20, 2023 4 0

हिन्दुस्तान 02
मंगलवार, 21 फरवरी 2023
www.livehindustan.com

# छात्राओं को हाइजीन के बारे में जागरूक किया

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज के 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर गर्ल सेल' की ओर से सोमवार को एक सेमीनार का आयोजन किया गया। मेंस्टुअल हाइजीन पर हुए इस सेमीनार में छात्राओं को माहवारी के दौरान साफ सफाई और दूसरी जरुरी चीजों की जानकारी दी गई। प्राचार्य केके गुप्ता ने कहा की शरीर को स्वस्थ व स्वच्छ रखना हर इंसान का प्राथमिक कार्य है क कार्यक्रम का आयोजन सोनिया तनेजा ने किया।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › 'जी-20- भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वैश्विक सहयोग' विषय पर एक संगोष्ठी का...

हरियाणा ncr

## 'जी-20- भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वैश्विक सहयोग' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन

By Jantantratoday February 21, 2023 6 0

# जी-20- भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वैश्विक सहयोग विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो



बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में 21 फरवरी, 2023 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आर एंड डी सेंटर, फरीदाबाद द्वारा जी-20- भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वैश्विक सहयोग पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. जी.एस. कपूर, पूर्व-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर,आई/सी (केमिकल टेक्नोलॉजी एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन एंड फोरकास्टिंग) और हेड न्यू आर एंड डी कैंपस रहे। विपुल शर्मा (मुख्य प्रबंधक, विजिलेंस) ने मुख्य अतिथि डॉ.जी.एस.कपूर और चेयरपर्सन डॉ.कृष्णकांत जी को पौधा भेंट कर उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता अभियान के लिए अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ को चुनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को जी-20 के मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना है। उन्होंने बहुत अच्छे से उदाहरणों के द्वारा सदाचार और भ्रष्टाचार के अंतर को बखूबी समझाया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे मानसिक रूप से शपथ लें कि वे भ्रष्टाचार ना करेंगे और ना ही करने देंगे। डॉ.जी.एस. कपूर ने बताया कि कैसे भ्रष्टाचार स्थायी आर्थिक विकास को प्रभावित करता है, बाजार की प्रतिस्पर्धा को रोकता है। यह समुदायों और देश की समृद्धि और सुरक्षा में भी बाधा डालता है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार कोई स्थानीय घटना नहीं है बल्कि यह वैश्विक घटना है। लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के मामले में भ्रष्टाचार आम आदमी को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। इसलिए देश की वृद्धि और विकास के लिए भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना आवश्यक है। उन्होंने तीन प्रकार की सतर्कता - निवारक, दंडात्मक और सहभागी सतर्कता के बारे में बहुत अच्छे ढंग से व्याख्या की। इस संगोष्ठी में एन.एस.एस., स्वच्छता सेनानी टीम, एन.सी.सी., यूथ रेड क्रॉस, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। छात्रों में जागरूकता और रुचि पैदा करने के लिए कॉलेज परिसर में निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं जिसमें निबंध लेखन में 74 और पोस्टर मेकिंग में 68 विद्यार्थिओं ने भाग लिया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के छात्रों को वैश्विक परिदृश्यों और प्रासंगिकता के मुद्दों के बारे में अद्यतन रखने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। इस कार्यक्रम का समापन श्री विपुल शर्मा जी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम में डॉ. के.एल.कौशिक, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रामचन्द्र, प्रिया अरोरा, नेहा गोयल और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला रहे।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आईपीआर विषय पर सेमिनार का आयोजन

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आईपीआर विषय पर सेमिनार का आयोजन

By Jantantratoday February 27, 2023

### बौद्धिक संपदा पर सेमिनार 87 प्रतिभागियों ने भाग लिया

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय बौद्धिक संपदा अधिकार रहा। मुख्य वक्ता के रूप में सीएस हितेश गोयल मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि मनुष्य अपनी बुद्धि से कई तरह के आविष्कार और नई रचनाओं को जन्म देता है। उन विशेष आविष्कारों पर उसका पूरा अधिकार भी है लेकिन उसके इस अधिकार का संरक्षण हमेशा से चिंता का विषय भी रहा है। लगभग सभी व्यवसायों के पास आईपी का कोई न कोई रूप होता है, जो एक व्यावसायिक संपत्ति हो सकती है। इस सेमिनार में कुल 87 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संवाद

### अग्रवाल कॉलेज में सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



बल्लबगढ़, 16 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हीरो मोटोकॉर्प हेड ऑफिस नई दिल्ली द्वारा डिफेंसिव राइडिंग ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में मिस्टर रवि शर्मा, सीनियर ऑफिसर सड़क सुरक्षा ने वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि रोड पर ड्राइविंग करते समय हमें क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए जैसे दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बातें न करना, सुरक्षित ब्रेक लगाने का सही तरीका इत्यादि। उन्होंने गुड समरिटन कानून के बारे में भी विधार्थियों को अवगत कराया।उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए।

कार्यशाला इंचार्ज सुभाष कैलोरिया ने उन इच्छुक विधार्थियों को जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो व ड्राइविंग लाइसेंसधारी हों, कार्यशाला में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि रोड ऐक्सिडेंट होने पर घायल को निसंकोच हॉस्पिटल पहुंचाए। हमें किसी अनजान घायल की मदद करके मानवता का धर्म निभाना चाहिए।इसके उपरांत कॉलेज खेल ड्राइविंग से संबधित सात सुरक्षा सूत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला से 81 विधार्थी लाभान्वित हुए ' इस अवसर पर डॉ. जयपाल सिंह, कॉर्डिनेटर यूथ रेडक्रॉस, डॉ. देवेंद्र व डॉ. पूजा सैनी मौजूद रहे।



नेशनल प्रहरी NEWS

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक

-Newspaper -Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद - एन सी आर

Home › ताजा › अग्रवाल कॉलेज में आत्मरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

ताजा बल्लभगढ़ शिक्षा

## अग्रवाल कॉलेज में आत्मरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

By Poonam Sagar - February 28, 2023

115 0

### अग्रवाल कॉलेज में हुआ आत्मरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। को अग्रवाल कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ एवं कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस इकाइयों के द्वारा आत्मरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी की प्रेरणा से किया गया, क्योंकि प्राचार्य चाहते हैं कि हमारी बेटियां व बहने अपनी रक्षा के लिए और किसी पर आश्रित ना रहें व अपनी रक्षा के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत रहें व महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. गीता गुप्ता जी ने बताया कि कॉलेज में पिछले 7 वर्षों से आत्मरक्षा का सर्टिफिकेट कोर्स चलाया जा रहा है जो फरीदाबाद में सर्वप्रथम अग्रवाल कॉलेज द्वारा ही चलाया गया था। उन्होंने छात्राओं को दुर्गा शक्ति, 112,1091 आदि हेल्पलाइन नंबर सदैव अपने मोबाइल में सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया ताकि विषम परिस्थितियों में उन्हें फोन करके घटना की जानकारी दी जा



सके। कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस के कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह ने छात्राओं को आत्मरक्षा की उपयोगिता के बारे में समझाते हुए बताया कि कैसे सड़क पर चलते समय, बाजार में व कभी-कभी घरेलू हिंसा से आत्मरक्षा सीखकर अपने आप को सुरक्षित कर सकती हैं, उन्होंने बताया कि कैसे वे अपने नाखूनों, बालों में लगाए जाने वाली पिन, सेफ्टी पिन, पेन, दुपट्टा व काली मिर्च के स्प्रे से अपना बचाव कर सकती हैं और सबसे महत्वपूर्ण है कि हमारे अंदर में साहस का अभाव न हो। हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन से आए ट्रेनर अजय सैनी व श्रीमती अंजू शर्मा ने भी छात्राओं को अगर कोई चाकू से वार करता है, गर्दन पकड़ लेता है, दुपट्टा खींचता है आदि परिस्थितियों में कैसे अपनी रक्षा करनी है के बारे में सभी को बताया। उन्होंने बताया कि हमेशा हमें दुश्मन के कमजोर अंगों पर वार करना चाहिए जैसे कि नाक पर, आंखों पर गर्दन पर या कानों पर इस तरह से हम आपको सुरक्षित रख सकते हैं इस कार्यशाला में 86 छात्राओं ने भाग लिया व इस अवसर पर कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस इकाई दो के काउंसलर श्री सुभाष कैलोरिया व कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस की ईकाई तीन के काउंसलर श्री लवकेश भी मौजूद रहे।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में वाणिज्य विभाग एवं सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के संयुक्त तत्वाधान में "बैंक सेवा जागरूकता" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया

By Shreyash Panchal February 14, 2023

### बैंक सेवा जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। मंगलवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में वाणिज्य विभाग एवं सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के संयुक्त तत्वाधान में बैंक सेवा जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्ववित्तीय संस्थान के प्रभारी डॉ० संजीव गुप्ता के मार्ग दर्शन में यह कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में श्री जे.बी.शेरोन (मुख्य अध्यक्ष एवं जिला समन्वयक), श्री सुरेश कुमार कौशिक (समवर्ती लेखा परीक्षक) एवं राजीव कुमार शर्मा (वरिष्ठ प्रबंधक) उपस्थित रहे। कार्यशाला के आरंभ में वाणिज्य विभागाअध्यक्ष डॉ० प्रवीण गुप्ता ने सभी अतिथियों का अभिवादन करते हुए उन्हें आमंत्रित किया। मुख्य वक्ता जे.बी. शेरोन ने विद्यार्थियों को बैंकों का इतिहास बताते हुए बैंकिंग के क्षेत्र में रोजगार संबंधी जानकारी दी। इसके साथ-साथ उन्होंने बैंकों द्वारा दी जा रही सुविधाओं के विषय में भी विस्तृत चर्चा करी। श्री सुरेश कुमार कौशिक ने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के लिए विभिन्न प्रकार के फॉर्म किस तरह भरे जाएं इस पर विस्तृत जानकारी सांझा करी। विद्यार्थियों को बैंक संबंधी फॉर्म वितरित किए गए और श्री वीरेंद्र कुमार ने फॉर्म में दिए गए विभिन्न कॉलम किस प्रकार भरे जाएं इसकी जानकारी देते हुए उनकी सहायता करी। वाणिज्य विभाग के अनेकानेक विद्यार्थियों ने इसमें सक्रिय भागीदारिता निभाई और प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। मंच संचालन स्वाति अग्रवाल द्वारा किया गया। समन्वयक के रूप में रीना गुप्ता रही। वाणिज्य विभाग के समस्त प्रवक्ताओं के सहयोग से यह कार्यशाला सफल एवं सार्थक सिद्ध हुई।

# SPORTS ACHIEVEMENTS

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

By Jantantratoday February 17, 2023 10 0

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की मेरिट लिस्ट में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। एम. ए हिंदी (द्वितीय सत्र) की छात्रा आँचल तँवर ने प्रथम स्थान और बीए (चतुर्थ सेमेस्टर) की छात्रा प्रिया नेहरा ने दूसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया और छमा मित्तल ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक की बीए चतुर्थ सेमेस्टर की मेरिट सूची में 9वीं रैंक हासिल की। एमए अंग्रेजी के छात्राओं ने भी महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। अंजलि ने 18वां स्थान हासिल किया और प्रीति ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में 20वां स्थान प्राप्त किया। साथ ही एम. ए हिंदी (द्वितीय सत्र) की गरिमा भारद्वाज ने चौथा स्थान, प्रेमलता ने आठवाँ, आरती ने नौवाँ, पूजा ने बारहवां, प्रिया ने चौदहवाँ, और रेनू रानी ने उन्नीसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में नया अध्याय जोड़ा है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने सभी छात्राओं को सम्मानित किया और उनके शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य जी ने कहा कि केवल मेहनत, लगन, धैर्य ही सफलता का मूल मंत्र है जो जीत का दृढ़ संकल्प मन में रख कर परिश्रम करता है उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता द्य उन्होंने सभी शिक्षकों को भी छात्राओं का मार्गदर्शन करने के लिए बधाई दी। इस मौके पर संभाग तृतीय के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता जी, डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. राम चंद्र , डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. रेणु माहेश्वरी, श्रीमती मधु सिंगला डॉ. जगबीर सिंह और श्री मोहित ने भी मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को आशीर्वाद दिया।

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › स्पोर्ट्स › 51वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

स्पोर्ट्स हरियाणा ncr

## 51वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

By Jantantratoday February 24, 2023 5 0

## 51वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के स्वर्ण जयंती वर्ष में 51वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में आयोजित हुई। इस एथलेटिक मीट का शुभारंभ मुख्य अतिथि त्रिलोक चंद (एसडीएम, बल्लबगढ़) एवम अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा खेल ध्वजा फहरा कर एवं माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। खेलकूद संयोजक डॉश केश्एलश कौशिक वरिष्ठ प्रवक्ता एवं शारीरिक शिक्षक श्री नंदकिशोर, डॉश जगबीर सिंह और श्री मोहित हुड्डा ने मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य महोदय को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात खेल संयोजक डॉश केश्एलश कौशिक ने खेल गतिविधियों का वार्षिक विवरण देते हुए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों मनीष नरवाल एवं शिखा नरवाल की उपलब्धियों को बताया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही, उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत इसमें होती रहती है लेकिन निरंतर अभ्यास करते हुए अपने लक्ष्य की ओर ध्यान देना चाहिए। खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका महत्व दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभाशीष एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मार्च पास्ट के उपरांत राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमारी साक्षी एवं शुभम बौसला ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक चंद ने महाविद्यालय के स्वर्णिम वर्ष में 51वीं खेलकूद प्रतियोगिता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल में जज़्बा महत्वपूर्ण है उन्होंने जीवन स्वास्थ्य सम्बन्धी मौलिक सिद्धांत के बारे में बताया द्व खेलकूद प्रतियोगिताओं के प्रारंभ की। छात्राओं की 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर कुमारी रीटा, द्वितीय स्थान पर कुमारी शशि तथा तृतीय स्थान पर कुमारी सौम्या रही एवं छात्रों की 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर निखिल, द्वितीय स्थान पर अताउल्लाह तथा तृतीय स्थान पर सोयब रहे द्व डॉ० सुप्रिया ढांडा ने बखूबी मंच संचालन किया द्व इस अवसर पर डॉ० सुबेश पांडेय (प्राचार्य, अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन), महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस के अतिरिक्त आज ही प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन में एसडीजी पर सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत हुई। भारत के एसडीजी एजुकेटर श्री अनित गुप्ता ने इस समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए खुद में सामाजिक उद्यमिता कौशल बढ़ाने की बात कही। इस क्लब के समन्वयक डॉ. मनोज शुक्ला हैं। एसडीजी क्लब के 40 छात्रों ने कॉलेज द्वारा किए गए सभी चार लक्ष्यों में से इस कोर्स के लिए अपना नामांकन कराया।




संपादकीय — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ह्यूमन इंडिया

## 51वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में 51वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। दिनांक 24.02.2023 को आरंभ हुए इस एथलेटिक मीट के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक चंद (एसडीएम, बल्लबगढ़), अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता उपस्थित रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास के द्वारा ही जीत निश्चित है। उन्होंने अन्य खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिंदगी के सफर में अभी अनेक पड़ावों से गुजरना है, आवश्यकता है कि जीत की तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए। खिलाड़ी होना ही बड़ी बात है और खिलाड़ी ही सर्वाधिक बलिष्ठ होता है। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र वर्ग और छात्रा वर्ग के रूप में अलग-अलग चरणों में संपन्न कराया गया जिसमें कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर,1500 मीटर, 5 किलोमीटर,10 किलोमीटर की रेस के साथ, शॉट पुट, हाई जम्प, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लम्बी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर,1500 मीटर, 3 किलोमीटर की रेस के साथ-साथ शॉट पुट, लम्बी कूद, जेवलिन थ्रो, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, डिसकस थ्रो, ऊँची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. केएल कौशिक, डॉ. अजित यादव और डॉ. जयपाल सिंह निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। शारीरिक शिक्षक नंदकिशोर, डॉ. जगबीर सिंह और मोहित हुड्डा के कुशल निर्देशन निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सुप्रिया ढांडा ने किया। स्व-वित्तिय संस्थान के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने सभी प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। छात्र वर्ग में रणधीर तथा छात्रा वर्ग में रीता को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।

आज 25 फरवरी, 2023 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आयोजित जीवन जीने की राह पर 4 दिवसीय (22-25 फरवरी) कार्यशाला का समापन समारोह हुआ। यह कार्यशाला 22 फरवरी को नेचुरोपैथी: संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए एक समग्र विज्ञान विषय के साथ शुरू हुई, जिसकी मुख्यवक्ता थी डॉ. विजाता आर्य, योग और प्राकृतिक चिकित्सा। दूसरे दिन का विषय आचार्य हरदीप सिवाच, योगाचार्य, आध्यात्मिक चिकित्सक, रेकी मास्टर, सम्मोहन चिकित्सक द्वारा ध्यान के पांच आयाम रहे, जिन्होंने तीसरे दिन 24 फरवरी को सात चक्र उपचार के बारे में भी बताया।

इस कार्यशाला का समापन 25 फरवरी 2023 (दिन 4) को दैनिक जीवन में प्राण और प्राणायाम की उपयोगिता विषय के साथ हुआ। दिन के मुख्यवक्ता डॉ. सोमवीर आर्य, निदेशक, भारतीय संस्कृति दूतावास, भारतीय सूरीनाम, दक्षिण अमेरिका (विदेश मंत्रालय के अधीन) रहे। उन्होंने कहा आज व्यक्ति शारीरिक और आध्यात्मिक दोनों तरह से अपने स्वास्थ्य के लिए समय नहीं निकाल पाता है इसलिए योग की महत्वता बढ़ जाती है। उन्होंने आज के तनावपूर्ण समय में योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन के लिए बुनियादी योग आसनों के बारे में बताया। महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. कृष्णकांत, श्रोताओं के आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास के लिए इस तरह के आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यशाला का आयोजन डॉ. इनायत चौधरी एवं टीम के समस्त सदस्य, डॉ. सारिका, डॉ. डिंपल, श्रीमती पूजा, डॉ. पूजा सैनी, डॉ. विनीत नागपाल द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यशाला में 77 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

2 फरीदाबाद — ऑटो चालकों की लापरवाही से शहर की सड़कों पर चलता है जंगलराज?
6 अभिमत — जनहित की बात करने वाला ही जनता के दिल को छुएगा
9 देश-विदेश — यूक्रेन संघर्ष में किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए भारत तैयार : मोदी
12 कसौटी — खालिस्तान की आग में फिर तपने लगा पंजाब, हरियाणा पर भी असर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, रविवार, 26 फरवरी, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

परिवार से बाहर सिर्फ धोनी ने मुझसे संपर्क किया था: कोहली — पेज - 11

## खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरित

**मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम त्रिलोक चंद, अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता एवं प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता रहे**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में 51वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। आरंभ हुए इस एथलेटिक मीट के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम, बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता उपस्थित रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास के द्वारा ही जीत निश्चित है। उन्होंने अन्य खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिंदगी के सफर में अभी अनेक पड़ावों से गुजरना है, आवश्यकता है कि जीत की तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए। खिलाड़ी होना ही बड़ी बात है और खिलाड़ी ही सर्वाधिक बलिष्ठ होता है। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र वर्ग और छात्रा वर्ग के रूप में अलग-अलग चरणों में संपन्न कराया गया जिसमें कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5 किलोमीटर,10 किलोमीटर की रेस के साथ, शॉट पुट, हाई जम्प, हैमर(हथौड़ा)थ्रो, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लम्बी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3 किलोमीटर की रेस के साथ-साथ शॉट पुट, लम्बी कूद, जेवलिन थ्रो, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, डिसकस थ्रो, ऊंची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. केएल कौशिक, डॉ. अजित यादव और डॉ० जयपाल सिंह निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। शारीरिक शिक्षक नंदकिशोर, डॉ. जगबीर सिंह और मोहित हुड्डा के कुशल निर्देशन निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ सुप्रिया ढांडा ने किया। स्व-वितिय संस्थान के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने सभी प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। छात्र वर्ग में रणधीर तथा छात्रा वर्ग में रीता को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।



विजेता खिलाड़ियों के संग अतिथि व आयोजक।

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्रों ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी और खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाज़ी प्रतियोगिता में लहराया परचम



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र शुभम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए 9 फ़रवरी 2023 से 12 फ़रवरी 2023 तक मानव रचना यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी निशानेबाज़ी चैंपियनशिप के 25 मीटर पिस्टल राउंड में टीम में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम बैसला ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाज़ी प्रतियोगिता में मिक्स टीम में रजत पदक प्राप्त किया।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी ने दोनों खिलाड़ियों का महाविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया तथा शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य जी ने कहा कि केवल मेहनत, लगन, धैर्य ही सफलता का मूल मंत्र है जो जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि कोशिश करने वालों को हमेशा सफलता मिलती है और वे अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर खेल समन्वयक डॉ. के. एल. कौशिक, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह और श्री मोहित हुड्डा उपस्थित रहे।

---

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › स्पोर्ट्स › अग्रवाल महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता...

स्पोर्ट्स | हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय के खिलाडियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

By **Shreyash Panchal** March 27, 2023 6 0

---

आज समाज
www.aajsamaaj.com
नई दिल्ली, पृष्ठ-04, मंगलवार, 28 मार्च 2023 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2080, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष सप्तमी, मूल्य, 2.00 रुपए

## कोशिश करने वाले की नहीं होती हार : गुप्ता



खिलाड़ियों को बधाई देते हुए। **आज समाज**

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के खिलाडियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता जो वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर, उत्तर प्रदेश में 14 से 17 मार्च 2023 (पुरुष वर्ग) और 20 से 22 मार्च 2023 (महिला वर्ग) आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नेहा सैनी (एम कॉम द्वितीय वर्ष) स्वर्ण पदक, लविश कुमार (बी.कॉम द्वितीय वर्ष) रजत पदक और नितिन कश्यप (बीबीए कैम प्रथम वर्ष) ने कांस्य पदक जीता। महाविद्यालय में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता ने विजेता खिलाडि?ों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य जी ने कहा केवल मेहनत, लगन, धैर्य ही सफलता का मूल मंत्र है, जो जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता ने विजेता खिलाडि?ों को बधाई देते हुए कहा कि कोशिश करने वाले को हमेशा सफलता मिलती है और वह अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता मैडम कमल टंडन, खेल संयोजक डॉ. केएल कौशिक डॉ. गीता गुप्ता, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा और किक बॉक्सिंग कोच अजय सैनी और अंजू शर्मा मौजूद रहे।

---

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › एक जन्म माँ की कोख से, दूसरा जन्म योग से "प्राकृतिक चिकित्सा...

हरियाणा ncr | हेल्थ

## एक जन्म माँ की कोख से, दूसरा जन्म योग से "प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग का युवा जीवन में महत्व" विचार- विमर्श के साथ अग्रवाल महाविद्यालय में योग शिविर का समापन

By **Jantantratoday** February 17, 2023 8 0

---

# तीन दिवसीय योग शिविर का अग्रवाल महाविद्यालय (विंग 3) में शुभारंभ

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ (स्व-वित्तीय संस्थान) में युवाओं के समग्र विकास में अष्टांग योग और प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका विषय पर तीन दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष डॉ कृष्ण कांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्व-वित्तीय संस्थान के प्रभारी एवं कार्यक्रम संरक्षक डॉ संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में यह तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में सतपाल (योग प्रशिक्षक) उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से अवसाद को दूर करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यशाला के प्रथम दिन में हिंदी विभाग के साथ समस्त विभागों के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में प्रभारी ने सभी का अभिवादन करते हुए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को बताते हुए आज के जीवन में इसकी अनिवार्यता पर जोर दिया। योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से स्वस्थता प्रदान करता है। ततपश्चात मुख्य अतिथि ने समग्र कल्याण प्रबंधन (शारीरिक एवं मानसिक) विषय पर कहा कि आधुनिक समय की व्यस्त जीवनशैली के कारण युवाओं का शारीरिक विकास कम होना तथा मानसिक तनाव के कारणों को बताते हुए विभिन्न योग मुद्राओं द्वारा उनके निराकरण पर विस्तृत चर्चा करी।इस कार्यशाला मे स्नातकोत्तर के लगभग 100 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।मंच संचालन मधु सिंगला द्वारा किया गया।



तीन दिवसीय योग कार्यशाला में भाग लेते हुए विद्यार्थी। **आज समाज**

कार्यक्रम की संयोजिका डीन एवं प्रबंध विभाग अध्यक्षा डॉ शिल्पा गोयल एवं हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ रेणु माहेश्वरी रही। समन्वयक के रूप में उषा चौधरी, डॉ रेणु माहेश्वरी, डॉ प्रवीण गुप्ता, डॉ सचिन गर्ग उपस्थित रहे। सह-समन्वयक मे त्रिमेश कालरा, मोहिनी वर्मा,स्वाति एवं मधु सिंगला एवम तकनीकी सहयोगी शिल्पी गोयल रही। योग शिविर के प्रथम दिन का समापन डॉ रेणु माहेश्वरी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

---

# अग्रवाल कॉलेज में योग शिविर सम्पन्न

**बल्लभगढ, 17 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** शुक्रवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ (स्व-वित्तीय संस्थान) में "युवाओं के समग्र विकास में अष्टांग योग और प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका" विषय पर तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के तीसरे दिन का विषय "प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग का युवा जीवन में महत्व" रहा।



अग्रवाल कॉलेज प्राचार्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। स्व-वित्तीय संस्थान के प्रभारी एवं कार्यक्रम संरक्षक डॉ० संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में इस तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस योग शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.विजाता आर्या (योग प्रशिक्षिका) उपस्थित रही। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से अवसाद को दूर करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना था इस शिविर के तीसरे दिन प्रबंध एवं कंप्यूटर विभाग के स्नातक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ततपश्चात मुख्य अतिथि डॉ. विजाता आर्या ने "प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग का युवा जीवन में महत्व" विषय पर कहा कि आधुनिक समय की व्यस्त जीवन शैली के कारण युवाओं मानसिक तनाव और शारीरिक अस्वस्थता होना सामान्य बात हो गई है और इसके लिए अत्यधिक अंग्रेजी दवाइयों का सेवन किस प्रकार स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है इस पर उन्होंने विस्तृत चर्चा करी।

उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा के सकारात्मक प्रभाव एवं विभिन्न योगासनों के द्वारा शारीरिक एवं मानसिक दबावों से मुक्ति के उपाय बताये। इस कार्यशाला मे स्नातक के लगभग 100 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस योग शिविर के अंत में प्रभारी महोदय डॉ० संजीव गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम का होना अत्यंत आवश्यक है। इसके द्वारा ना केवल विद्यार्थियों में सक्रियता रहती है बल्कि उन्हें नई जानकारी भी प्राप्त होती है। डॉ०संजीव गुप्ता ने आयोजक समिति को तीन दिवसीय योग शिविर की सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंच संचालन मधु सिंगला द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डीन एवं प्रबंध विभाग अध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल एवं हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ०रेणु माहेश्वरी रही। समन्वयक के रूप में उषा चौधरी, डॉ०रेणु माहेश्वरी, डॉ० प्रवीण गुप्ता, डॉ० सचिन गर्ग उपस्थित रहे। सह- समन्वयक मे रीना किंगर, ज्योति गुप्ता, दीपमाला, शिल्पी गुप्ता एवं तकनीकी सहयोगी शिल्पी गोयल रही। योग शिविर के तीसरे दिन का समापन प्रबंध विभागाध्यक्षा डॉ०शिल्पा गोयल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

Vol.10, Issue 1, Jan-March 2023

## Courses Offered

### Traditional Courses

- B.A.
- B.Com.
- B.Sc. (Non-Med.)

### Self-Finance Courses

- BBA
- BBA (CAM)
- BCA
- B.Com. (CA)
- B.Com. (Hons.)
- B.Sc. (Computer Sc.)
- B.A. (Hons) Economics
- B.Sc. (Hons.) Mathematics
- B.Sc. Non-Med. (Chemistry)
- B.A. (Hons) Chemistry
- B.Sc. (Hons.) Physics
- B.Voc. (Retail Management)
- B.Voc. (Software Development)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (English)
- M.A. (Economics)
- M.Sc. (Comp. Sc.)
- M.Sc. (Chemistry)
- M.A./M.Sc. (Maths)
- M.Sc. (Physics)
- M.Com.

### Add-on Courses

- **Functional English**
- **Accountancy and Tax Procedure**
- **Accounting on Computers**
- **Computer Hardware and Maintenance**
- **Retail Marketing**
- **Web Designing & Office Automation**

## Editorial Board

**Sh. Devender Kumar Gupta**
Chief Patron

**Dr. Krishan Kant**
Patron

**Dr. Ram Chander**
Editor- in- Chief

**Dr. Poonam Anand**
Associate Editor

**Dr. Geeta Gupta**
Associate Editor

**Dr. Sarika Kanjlia**
Associate Editor

**Dr. Shilpa Goel**
Associate Editor

**Sh. Vineet Nagpal**
Associate Editor

**Dr. Pooja Saini**
Associate Editor

**Chetna,** BA Final
Student Editor

**Nisha Khatana,** MA English Prev.
Student Editor

**Anu Kaushik,** B.Sc. Final
Student Editor

**Sh. Shiv Narain**
Logistic Support

**Sh. Saurabh Gupta**
Logistic Support

**Aggarwal College Ballabgarh**
A Co-educational Post Graduate College with Potential for Excellence (CPE) Status by UGC
(NAAC Accredited A++ Grade (CGPA:3.57) , An ISO 9001:2015 and 14001:2015 Certified College)
Affiliated to M.D. University, Rohtak
Ballabgarh,Faridabad (Haryana) India-121004
Phone:+91-129-2308348-50,Fax:+91-129-2300769, E-mail:aggpgcollege@gmail.com,Website: www.aggarwalcollege.ac.in